* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 25 दिसंबर, 2024, बुधवार, वर्ष 10, अंक 67, पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

मेरी क्रिसमस



क्रिसमस के मौके पर प्रभु यीशु मसीह को चूमते आर्चबिशप विंसेंट आइंद ।

## हेमंत सरकार ने क्रिसमस और नये साल का दिया तोहफा

# कैबिनेट ने राज्यकर्मियों का तीन फीसदी डीए बढ़ाने की दी मंजूरी

- पारिवारिक पेंशन पाने वालों को भी मिलेगा लाभ
- कैबिनेट ने 10 प्रस्तावों को दी मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार ने राज्यकर्मियों को क्रिसमस और नये साल का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) तीन फीसदी बढ़ाने की मंजूरी दी। यह लाभ पेंशन और पारिवारिक पेंशनभोगियों को भी मिलेगा। कैबिनेट ने कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी।

**जुलाई से मिलेगा डीए का लाभः** कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मियों को दिनांक 01 जनवरी 2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतनमान (सातवें केन्द्रीय वेतनमान) में 1 जुलाई 2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी। राज्य सरकार के सभी कर्मियों 1 जुलाई 2024 के प्रभाव से वेतन का 53% महंगाई भत्ता मिलेगा। मौजूदा में यह 50 फीसदी मिलता है। इसी तरह राज्य के पेंशन-पारिवारिक पेंशनभोगियों को भी मूल पेंशन का 53% महंगाई राहत स्वीकृत किया गया है।

**बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी के लिए 99.56 करोड़ मंजूर :** उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के एक प्रस्ताव में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान, पीएम उषा के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की प्रथम बैठक में मल्टीडिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (मेरू) के अंतर्गत स्वीकृत योजना बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी के लिए 99.56 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।



## अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक विकास पहुंचे यह प्रयासः हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2024 समाप्त होने वाला है। नया वर्ष 2025 आने वाला है। राज्य को बेहतर दिशा की ओर बढ़ाने के लिए कदम बढ़ चुका है। सरकार की मंशा है कि नये वर्ष में समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक आवाज पहुंचे और वह विकास योजनाओं का हिस्सा बनें। हेमंत मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बात कर रहे थे। पेसा कानून को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार सभी चीजों को देख रही है। समय आने पर उसके बारे में भी बताया जायेगा। उन्होंने राज्यवासियों को क्रिसमस और नये साल की शुभकामनाएं दीं।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- आगामी सत्र में कैग रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखने की स्वीकृति।
- हाइकोर्ट के फैसले के आलोक में रिम्स के सेवानिवृत्त डॉक्टर तुलसी महतो को को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति प्रदान करने की मंजूरी।
- षष्ठम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 9 से 12 दिसंबर तक के सत्रावसान की स्वीकृति।
- षष्ठम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र में राज्यपाल द्वारा दिये गये अभिभाषण पर मंत्रिपरिषद की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।

## मुख्यमंत्री ने झारखंड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली को शिथिल करने की दी मंजूरी

रांची। झारखंड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली, 2014 के लागू होने के पूर्व कर्त्तव्य के दौरान मृत गृह रक्षकों के आश्रितों को मानवीय आधार पर एवं विशेष परिस्थिति में नियमों को शिथिल करते हुए अनुकंपा के आधार पर एकबारगीय व्यवस्था के तहत गृह रक्षक के रूप में नवनामांकन के प्रस्ताव को मुखयिमंत्री हेमंत सोरेन ने मंजूरी दे दी है। इसे अब मंजूरी के लिए कैबिनेट की अगली बैठक में रखी जायेगी।

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

## न्यूज रील्स

### शिमला में सड़कों पर तीन इंच बर्फ

नयी दिल्ली। देश के 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी का दौर जारी है। बर्फबारी के चलते हिमाचल में दो नेशनल हाइवे समेत 30 सड़कें बंद हो गयी हैं। शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई, जिससे सड़कों पर 3 इंच बर्फ की परत जम गयी। इससे सोलंगनाला से अटल टनल रोहतांग लौट रहे टूरिस्ट की गाड़ियां सड़क पर फिसलने लगीं। देर रात तक 1000 से ज्यादा गाड़ियां अटल टनल के साउथ पोर्टल से नॉर्थ पोर्टल तक बर्फ में फंसीं। पुलिस ने गाड़ियां निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Merry Christmas
COURSES OFFERED

FLORENCE COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)

| | |
|---|---|
| 4 YEARS | BMLT |
| 2 YEARS | DMLT |
| 2 YEARS | OT ASSISTANT |
| 2 YEARS | ECG |
| 2 YEARS | OPHTHALMIC ASST. |
| 2 YEARS | CRITICAL CARE (ICU) |
| 2 YEARS | RADIO-IMAGING |
| 2 YEARS | ANESTHESIA TECH. |
| 1 YEARS | DRESSERS |

FLORENCE COLLEGE OF NURSING
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)

| | |
|---|---|
| 2 YEARS | M.Sc. Nursing |
| 2 YEARS | Post Basic B. Sc. Nursing |
| 4 YEARS | B.Sc. Nursing |
| 3 YEARS | GNM (General Nursing And Midwifery) |
| 2 YEARS | ANM (Auxliary Nursing And Midwifery) |

FLORENCE COLLEGE OF PHARMACY
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)

| | |
|---|---|
| 2 YEARS | D-PHARM |
| 4 YEARS | B-PHRRM |

OUR FACILITIES
- PLACEMENT ASSISTANCE
- SCHOLARSHIP
- SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
- MESS
- TRANSPORT
- FEE INSTALLMENT FACILITY
- SMART CLASSROOM
- ADVANCE LAB & LIBRARY

FLORENCE COLLEGE OF NURSING · FLORENCE COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCE · FLORENCE COLLEGE OF PHARMACY · FLORENCE ADVANCE DENTAL CARE · FLORENCE

9031231082, 6205145470, 9334645053
IRBA RANCHI - 835219 (JH) www.florenceinstirba.com fsnirba@gmail.com

# सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान एवं ललित कला प्रदर्शनी

सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के बच्चों के नाम रहा क्योंकि यहां के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं ललित कला प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी (बुंडू ) किष्टो कुमार बेसरा तथा मजिस्ट्रेट (बुंडू ) अंजलि कुमारी ने बच्चों को प्रेरित किया । प्रदर्शनी में अभिभावकों की भीड़ लगी रही वे अपने बच्चों की प्रतिभा को देखकर गौरवान्वित हो रहे थे । स्कूल की प्राचार्या तराना बेगम ने कहा कि इस सफल आयोजन के पीछे हमारे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन के पीछे हमारा यह उद्देश्य रहता है कि बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकले जो उनके भविष्य के निर्माण में सहायक हो । विद्यालय के निदेशक सह झारखंड अधिवित परिषद के सदस्य अली अल अराफात मौजूद थे।















**हाइड्रोलिक पावर रोबोटिक आर्म**
अशिंता ,पलक , विप्पु , श्रेया VII

**ऑर्गेनिक एंड इनॉर्गेनिक फार्मिंग**
हेमा, सुजाता, सुरभि , आशीष (विज्ञान के विद्यार्थी ) VI

**जीएसटी स्ट्रक्चर और स्टॉक मार्केट (वाणिज्य के विद्यार्थी)**
अनीश गुप्ता ,निधि कुमारी ,किरण कुमारी , अनमोल तिर्की (XI)

**अर्थक्वेक अलर्ट अलार्म**
अश्विक ,आदर्श , ऋषभ अंकुर (vi)

**ब्लूटूथ कंट्रोल आर्डयूनो आर सी कार**
मृत्युंजय, निखिल (IX)

**हाइड्रोलिक पावर प्लांट**
शुभम , श्लोक , सुरज , उजान (IX)

**स्पार्कल कन्वर्सेशन**
आशु, पंकज , हरीश , रितिक (VII)

**लेजर सिक्योरिटी सिस्टम**
वरूण , आदर्श , मनीष , जिगर (VII)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शताब्दी



नरेंद्र मोदी

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं.।. लौट कर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटलजी के ये शब्द कितने साहसी हैं.।.कितने गूढ़ हैं। अटलजी, कूच से नहीं डरे.।. उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे.।. जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है.।. कौन जानता किधर सवेरा.।. आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुला कर अंकवार में भर लिया था.।. और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह.।. वो अपनत्व.।. वो प्रेम.।. मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है।

आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये, उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पायेगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटलजी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आइटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही एनडीए ने टेक्नोलॉजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गये। वाजपेयीजी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा, वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किये। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नयी शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़ कर भारत की एकता को भी सशक्त किया।

जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटलजी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयीजी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने।

उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किये। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा।



उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुल कर नाराजगी जतायी, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था, लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है।

उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया।

वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आयीं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटलजी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा।

जब भी आप वाजपेयीजी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयीजी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चर्चाएं सीखने का माध्यम बनतीं।

कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयीजी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है।

संसद में कहा गया उनका ये वाक्य.।. सरकारें आयेंगी, जायेंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए.।. आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है।

वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो ये भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरूरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। एनडीए की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नये सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाये और एनडीए को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया।

पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

उन में सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति ना चुन कर, इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की।

संविधान के मूल्य संरक्षण में भी, उनके जैसा कोई नहीं था। डॉ श्यामा प्रसाद के निधन का उन पर बहुत प्रभाव पड़ा था। वो आपात के खिलाफ लड़ाई का भी बड़ा चेहरा बने। इमरजेंसी केबाद 1977 के चुनाव से पहले उन्होंने 'जनसंघ' का जनता पार्टी में विलय करने पर भी सहमति जता दी। मैं जानता हूं कि ये निर्णय सहज नहीं रहा होगा, लेकिन वाजपेयीजी के लिए हर राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता की तरह दल से बड़ा देश था, संगठन से बड़ा, संविधान था। हम सब जानते हैं, अटलजी को भारतीय संस्कृति से भी बहुत लगाव था। भारत के विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण देने का अवसर आया, तो उन्होंने अपनी हिंदी से पूरे देश को खुद से जोड़ा। पहली बार किसी ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र में अपनी बात कही। उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा। उन्होंने सामान्य भारतीय की भाषा को संयुक्त राष्ट्र के मंच तक पहुंचाया।

राजनीतिक जीवन में होने के बाद भी, वो साहित्य और अभिव्यक्ति से जुड़े रहे। वो एक ऐसे कवि और लेखक थे, जिनके शब्द हर विपरीत स्थिति में व्यक्ति को आशा और नव सृजन की प्रेरणा देते थे। वो हर उम्र के भारतीय के प्रिय थे। हर वर्ग के अपने थे।

मेरे जैसे भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं को उनसे सीखने का, उनके साथ काम करने का, उनसे संवाद करने का अवसर मिला। अगर आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, तो इसका श्रेय उस अटल आधार को है, जिस पर ये दृढ़ संगठन खड़ा है।

उन्होंने बीजेपी की नींव तब रखी, जब कांग्रेस जैसी पार्टी का विकल्प बनना आसान नहीं था। उनका नेतृत्व, उनकी राजनीतिक दक्षता, साहस और लोकतंत्र के प्रति उनके अगाध समर्पण ने बीजेपी को भारत की लोकप्रिय पार्टी के रूप में प्रशस्त किया। लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने पार्टी को अनेक चुनौतियों से निकाल कर सफलता के सोपान तक पहुंचाया। जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की स्थितियां आयीं, उन्होंने इस चुनाव में विचारधारा को खुले मन से चुन लिया। वो देश को ये समझाने में सफल हुए कि कांग्रेस के दृष्टिकोण से अलग एक वैकल्पिक वैश्विक दृष्टिकोण संभव है। ऐसा दृष्टिकोण वास्तव में परिणाम दे सकता है।

आज उनका रोपित बीज, एक वटवृक्ष बन कर राष्ट्र सेवा की नव पीढ़ी को रच रहा है। अटलजी की 100वीं जयंती, भारत में सुशासन के एक राष्ट्र पुरुष की जयंती है। आइए हम सब इस अवसर पर उनके सपनों को साकार करने के लिए मिल कर काम करें। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करें, जो सुशासन, एकता और गति के अटल सिद्धांतों का प्रतीक हो। मुझे विश्वास है, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीजी के सिखाए सिद्धांत ऐसे ही, हमें भारत को नव प्रगति और समृद्धि के पथ पर प्रशस्त करनें की प्रेरणा देते रहेंगे।

**(लेखक : भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## राज्य में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही 108 एंबुलेंस सेवा : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की 108 एंबुलेंस सेवा पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा, जो आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए जनजीवन का अहम हिस्सा है, गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। मरांडी ने लिखा है कि एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम में भारी देरी हो रही है। शहरों में औसतन 25 मिनट और ग्रामीण इलाकों में 40 मिनट का समय लगना तय है लेकिन वास्तविकता इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। कई बार कॉल करने के 60 मिनट बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंचती, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने कहा है कि जहां पांच मिनट की देरी में लोगों की जिंदगी और मौत तय हो जाती है, वहीं झारखंड में एंबुलेंस 20 से लेकर 30 मिनट तक देरी से पहुंच रही है। समय पर इलाज की सुविधा मिलने से जो मरीज ठीक भी हो सकते हैं वो भी एंबुलेंस और इलाज के अभाव में जान गंवाने को विवश हैं।



मरांडी ने कहा है कि राज्य में कुल 543 एंबुलेंस हैं, लेकिन इनमें 77 एंबुलेंस खराब हालत में हैं और सेवा से बाहर हैं। नियमानुसार हर 21 हजार की आबादी पर एक एंबुलेंस होनी चाहिए, लेकिन झारखंड में यह औसत 34 हजार से अधिक है। खराब प्रबंधन और संसाधनों की कमी से मरीजों को समय पर मदद नहीं मिल पा रही है, जिससे उनको जान तक गंवानी पड़ रही है।

मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री जी, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करना बंद करें और तत्काल सार्थक कदम उठा कर इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें। साथ ही संसाधनों एवं इलाज की पुख्ता व्यवस्था करें ताकि इलाज के अभाव में किसी भी झारखंडी की जान न जाये।

### आयुक्त की अध्यक्षता में केंदू पत्ती सलाकार समिति की समीक्षात्मक बैठक

## झारखंड राज्य केंदू पत्ती नीती-2015 को यथावत रखने का आदेश : आयुक्त

**संग्रहण दर 1750 रुपये प्रति मानक बोरा को बढ़ा कर 1900 रुपये किया गया**

**आयुक्त ने केंदू पत्ती के सलाकार समिति को भण्डारण, बिक्री, भुगतान संबंधि दिये दिशा-निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में केंदू पत्ती सलाकार समिति की वर्ष 2025 में केंदू पत्ती के संग्रहण, बिक्री, एवं मूल्य निर्धारण को लेकर समीक्षा बैठक की गयी।



आहूत बैठक में राज्य सरकार द्वारा केंदू पत्ती उगाने वाले/ग्रामीणों से केंदू पत्ती के मूल्य का निर्धारण वर्ष 2024 में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, सरकार की अधिसूचना संख्या-06/वन निगम-05/2021-513 व०प० रांची दिनांक 21.02.2024 द्वारा वनभूमि एवं रैयती भूमि से प्राप्त होने वाले केंदू पत्ती का संग्रहण दर 1750 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया था, जिसे समीक्षात्मक बैठक उपरांत विभिन्न पहलूओं पर न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि एवं केन्दू पत्ती की स्थिति के विश्लेषणोंपरांत वन भूमि/रैयती भूमि पर उगाने वाले केन्दू पत्ती के लिए 1900 रुपये प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य किया गया।

आयुक्त ने निर्देश देते हुए केंदू पत्ती की अधिसूचित मात्रा में वृद्धि, केन्दू पत्ती के भंडारण क्षमता में वृद्धि, संग्रहण मूल्य के नगद भुगतान झारखंड राज्य केंदू पत्ती नीती-2015 के अनुसार निर्धारित संग्रहण मूल्य के नगद भुगतान 2,000 रुपये को यथावत अर्थान सुधार नहीं करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिये।

आहूत बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, जब्बर सिंह, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, रांची, आ० थांगा पांडयन, लधु वन पदार्थ परियोजना अंचल, रांची, सहित खूंटी, सिमडेगा, तमाड़ आदि के जनजाति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक वर्ष तक अटल जयंती शताब्दी वर्ष मनायेगी भाजपा : आदित्य साहू

### 25 दिसंबर को बूथों पर मानेगा सुशासन दिवस

**सभी जिलों में अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर होगी संगोष्ठी, लगेगी प्रदर्शनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा अटल जी की 100वीं जयंती वर्षगांठ को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएगी। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री साहू ने ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को झारखंड की जनता युगों तक याद रखेगी।झारखंड अलग राज्य यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है। श्री साहू ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता,और कवि थे।जिनकी कविताएं जन जन को प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति के क्षितिज में वे सदैव अजात शत्रु बने रहे।विपक्षियों ने भी उनके संबोधन को हमेशा ध्यान से सुना। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी जनसंघ और भाजपा के संस्थापक रहे। उन्होंने अपने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने गांव,गरीब , किसान पिछड़ा सभी को मुख्यधारा में जोड़ने केलिए लगातार प्रयास किए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, सर्वशिक्षा अभियान, पोखरण परीक्षण जैसे अनेक कल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्य से नई पीढ़ी को परिचित कराने केलिए भाजपा शताब्दी वर्ष में कार्यक्रम करेगी। उन्होंने कहा कि कल 25दिसंबर को राज्य के सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर कार्यकर्ता पुष्पांजलि करते हुए अटल जी को याद करेंगे। सभी जिलों में संगोष्ठी का आयोजन होगा तथा अटल जी के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकताओं से उनके अनुभव भी सुने जाएंगे। प्रदेश कार्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।



## फिरकापरस्त परस्थितियों से दूर रह कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में हो समन्वित-संतुलित विकास : बंधु

**क्रिसमस के अवसर पर आत्मविश्वास और संतुष्टि के साथ सभी लोगों से झारखंड एवं यहाँ के लोगों के विकास के नये अध्याय शुरू करने का मिल कर संकल्प लेने का आह्वान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह फिरकापरस्त परस्थितियों एवं सांप्रदायिक ताकतों से दूर रह कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपना जीवन यापन करते हुए अपने समन्वित एवं संतुलित विकास के प्रति पूरी तरीके से समर्पित है। श्री तिर्की ने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के इंडिया गठबंधन को आम लोगों ने अपेक्षा से अधिक समर्थन दिया है और यह झारखंड के सुखद भविष्य के लिए सकारात्मक संदेश है। क्रिसमस के अवसर पर झारखंड के लोगों के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए श्री तिर्की ने सभी लोगों से आह्वान किया कि आत्मविश्वास, जुझारूपन, समर्पण और अपनी पूरी योग्यता व सामर्थ्य के साथ झारखण्ड और यहाँ के लोगों के विकास के लिये नये अध्याय की शुरूआत करने का संकल्प लेने का यह बिल्कुल सही समय है।



श्री तिर्की ने कहा कि चुनाव का कोलाहल दूर हो चुका है और अब किसी दलगत या जातिगत भावना से ऊपर उठ कर झारखंड के विकास के लिए सभी को दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी लोगों की खुशी में ही पूरे प्रदेश की खुशहाली छिपी है। श्री तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के पुनः मुख्यमंत्री बनने और नयी सरकार के काम शुरू करने के बाद शुरुआती में ही सरकार के सकारात्मक काम के रुझान आने शुरू हो गये हैं और आम लोगों के बीच में एक अच्छा संदेश गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि झारखंड का समन्वित-संतुलित विकास और यहा के सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ यहाँ के सभी लोगों की है और यदि सभी लोग अपनी पूरी जवाबदेही का परिचय दें, तो झारखंड को देश का सबसे बेहतर प्रदेश बनने से कोई भी नहीं रोक सकता।

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मेरी क्रिसमस

रांची 25 दिसंबर, 2024, बुधवार, वर्ष 10, अंक 67, पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00



मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य सरकार के मंत्रियों राधाकृष्ण किशोर, नेहा शिल्पी तिर्की, संजय यादव, चमरा लिंडा, सुदिव्य कुमार,योगेंद्र प्रसाद और रामदास सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रघुवर दास का इस्तीफा मंजूर सक्रिय राजनीति में लौटेंगे

## हरिबाबू कंभमपति होंगे ओड़िशा के नये राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मिजोरम के राज्यपाल हरिबाबू कंभमपति को ओड़िशा का नया राज्यपाल बनाया गया है। रघुवर दास का राज्यपाल पद से इस्तीफा देने का सीधा संकेत यही है कि वह सक्रिय राजनीति में लौटेंगे। वह 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही वह पांच बार जमशेदपुर पूर्वी से विधायक भी रह चुके हैं। रघुवर दास को 18 अक्टूबर 2023 को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उन्होंने 31 अक्टूबर को राजभवन में शपथ ली थी।



झारखंड में पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद से ही यह कयास लगाये जाने लगे थे कि रघुवर दास को दोबारा सक्रिय राजनीति में लाया जायेगा। इससे पहले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी पांच आदिवासी सीटों पर भाजपा की हार के पीछे भी रघुवर दास की गैर-मौजूदगी को ही कारण माना गया था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मानता है कि झारखंड में उसके पास रघुवर दास के कद का कोई चेहरा नहीं है। वह भाजपा में ओबीसी का बड़ा चेहरा रहे हैं। इस विधानसभा चुनाव में उनकी बहू पूर्णिमा साहू ने उनकी परंपरागत सीट जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव जीता है। रघुवर दास का नाम उन कद्दावर नेताओं में आता है, जो भाजपा के संस्थापक सदस्य थे। दास 1977 में जनता पार्टी में शामिल हुए। इसके बाद साल 1980 में उन्होंने संस्थापक सदस्य के रूप में भाजपा की सदस्यता ली। उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विभिन्न पदों पर काम किया। रघुवर दास आरएसएस के पूर्व पदाधिकारी और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## चार राज्यों में भी नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बिहार गये

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही संवाददाता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच राज्यों में नये राज्यपाल नियुक्त किये हैं। ओड़िशा के राज्यपाल पद से रघुवर दास के इस्तीफे के बाद यह फेरबदल मंगलवार को किया गया। राष्ट्रपति भवन की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल बनाया गया है। पूर्व सेना प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय कुमार सिंह को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। अजय कुमार भल्ला 1984 बैच के सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं।

## तेलंगाना में रह रहे झारखंड के मजदूरों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी : दीपिका



**रांची (आजाद सिपाही)।** तेलंगाना में रह रहे झारखंड के मजदूरों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। कहा है कि सभी की सुरक्षा का ख्याल रखा जा रहा है। किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। इस बाबत मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर मजदूरों को आश्वस्त किया है। मंत्री ने कहा है, पिछले दिनों हैदराबाद में बिहार और झारखंड के प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले की खबर सामने आई, जिससे दहशत का माहौल बन गया। झारखंड सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत तेलंगाना सरकार से संपर्क किया और प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि डरने की जरूरत नहीं है। स्थानीय प्रशासन और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। आपके रोजगार और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय भी इस मामले पर निगरानी रखे हुए है, और जल्द उचित कार्रवाई की जायेगी। आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी है।




# जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के सुंदर प्रांगण में विंटर कार्निवाल 2024 का भव्य आयोजन

रांची। जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के सुंदर प्रांगण में विंटर कार्निवाल 2024 का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन मदन सिंह वाइस चेयरमैन अमन सिंह और प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर आयोजन का शुभारंभ किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। आमंत्रित कलाकारों की टीम के साथ स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक गाने गाये। स्कूल के शिक्षकों ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। एक तरफ भव्य संगीत की महफिल जमी थी, तो दूसरी ओर 50 स्टॉल भी सजे थे, जिसमें विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल, गेम्स स्टॉल, मैजिक स्टॉल, बुक स्टॉल, इस्कॉन स्टॉल, रामकृष्ण मिशन स्टॉल लगाये गये थे। अभिभावकों के साथ बच्चों ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया सेंट्रलाइज्ड पेड कूपन की व्यवस्था से सभी अभिभावकों और बच्चों को बहुत सहूलियत हुई। प्री नर्सरी से क्लास आठ तक के बच्चे पिछले कई दिनों से अपने क्लास टीचर के नेतृत्व में इन स्टॉलों को सजाने संवारने में लगे हुए थे। उनकी मेहनत से सजे ये स्टॉल सचमुच में आज दमक रहे थे। अभिभावकों की उपस्थिति से तो











आयोजन की सुंदरता में चार चांद लग गये। मिनी गोल्फ में बच्चों से लेकर बड़े भी अपने हाथ आजमाते दिखे। कार्निवाल 2024 में लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। इसमें दस लकी ड्रॉ खेला गया। प्रथम विजेता को एलइडी टीवी, द्वितीय विजेता को गियर बायसाइकिल और तृतीय विजेता को मिक्सर ग्राइंडर दिया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### वेदांत कौस्ताव ने झारखंड के राज्यपाल को लिखा पत्र

# चौक का नामकरण झारखंड आंदोलन के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो करने की मांग

**उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा समाजसेवी वेदांत कौस्ताव ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने झारखंड की राजधानी रांची में किसी एक चौक (चौराहे) को झारखंड आंदोलन के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के नाम करने और प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। लोकहित और जनभावना से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मामले की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। आर्थिक गतिविधियों, बुनियादी ढांचे के विकास और झारखंड राज्य की राजधानी होने के कारण रांची का विस्तार निरंतर जारी है। आबादी भी बढ़ी है। नगर निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ाने को लेकर भी प्रयास चल रहे हैं।

रांची में ही विभिन्न जगहों, खासकर चौक- चौराहे पर महापुरुषों, वीर शहीदों की प्रतिमाएं लगी हैं। और उन महापुरुषों के नाम से ही चौक- चौराहे जाने जाते हैं। इसी सिलसिले में रांची में किसी चौक अथवा चौराहे को झारखंड आंदोलन के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के नाम करने और उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के लिए आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं।

बिनोद बिहारी महतो का जन्म 23 सितंबर 1923 को धनबाद के बालीपुर प्रखंड के बडादाहा गाँव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी काबिलयत और लगन से उच्च शिक्षा हासिल की। वे एक वकील और राजनीतिज्ञ थे। इसके साथ ही सामाजिक चेतना के अग्रदूत के तौर पर उन्होंने ख्याति हासिल की। वे संगठिक, शिक्षित और स्वाभिमानी समाज के पैरोकार थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लंबा आंदोलन चलाया। बिनोद बाबू का नारा- पढ़ो और लड़ो हमेशा से समाज को गर्व और गुमान का बोध कराता है। तीन बार बिहार विधानसभा के सदस्य और एक बार लोकसभा के सदस्य रहे बिनोद बाबू का निधन 18 दिसंबर 1991 को हुआ था।

रांची में किसी चौक अथवा चौराहे पर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के साथ उनका नामाकरण किया जाना झारखंडी जनभावना को उत्साहित करेगा। साथ ही नयी पीढ़ी अपने महान धरती पुत्र को नजदीक से जान सकेगी। उन्होंने आग्रह किया है कि इस बाबत जिला प्रशासन को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दें।

# कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन : 19 जनवरी को रांची से चलेगी

आजाद सिपाही संवादाता

**रांची।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला-2025 के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08067/08068 रांची-टुंडला-रांची कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08067 रांची-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल 19 जनवरी को रांची से सुबह 10.30 बजे चलेगी। ट्रेन मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, गया होते हुए रात 23:10 में प्रयागराज पहुंचेगी। यहां से चलने के बाद गोविंदपुरी होते हुए अगले दिन सुबह 6.30 बजे टुंडला पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 08068 टुंडला-रांची कुंभ मेला स्पेशल 20 जनवरी को टुंडला से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन टुंडला से 16:20 बजे चलेगी और अगले दिन दोपहर 15:50 बजे रांची पहुंचेगी।

# एससी-एसटी एक्ट के फरार आरोपी के घर की कुर्की जब्ती

आजाद सिपाही संवादाता



**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में एससी-एसटी एक्ट में फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने कुर्की जब्ती की। यह मामला कृष्णापुरी रोड नम्बर 13 की है जहां कांड संख्या 184/23, एससी/एसटी एक्ट के फरार आरोपियों के घर कुर्की जब्ती की गई है। मजिस्ट्रेट शहर अंचल अधिकारी की मौजूदगी में चुटिया थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार दास, सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार मिश्रा के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में हुई है।


















### सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला का आयोजन

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाएं : डॉ मुरुगन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन सप्ताह को सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्होंने सड़क बनाने के साथ-साथ देश को आगे ले जाने का काम किया। देश में फोर लेन, सिक्स लेन सहित सड़क की कई योजनाओं को धरातल पर उतारा। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन ने अभियान चलाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री ने आवास योजना,आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,स्वच्छ भारत मिशन सहित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधा लाभुकों को मिल रहा है। पलामू आकांक्षी जिला है। आकांक्षी जिला बनने के बाद क्षेत्र में विकास के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। हम गुड गवर्नेंस बन रहे हैं। आकांक्षी जिला में शत प्रतिशत लोगों को लाभ दिलाने के दिशा में सक्रियता से कार्य हो रहा है। विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बहाल किया जा रहा है। मंत्री डॉ एल मुरूगन सुशासन सप्ताह के तहत पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री एल मुरूगन ने कहा कि आकांक्षी जिला में विभिन्न संकेतको को लेकर विकास कार्य को गति दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू में कृषि के क्षेत्र में कार्य करने का अच्छा अवसर है। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को राशि दी जा रही है, ताकि कृषि क्षेत्र में विस्तार हो सके। प्रधानमंत्री किसानों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के लिए योजनाएं लांच किया। उन्होंने कहा कि युवा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किये जा रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा रहा है।

**समाज में बेहतर बदलाव लाने की दिशा में सक्रियता से हो रहा कार्य - डीसी :** पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि गुड गवर्नेंस का उद्देश्य गरीब एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों तक सरकार की सभी योजनाओं को पहुंचाना है, ताकि बेहतर समाज निर्माण का सपना साकार हो सके। पदाधिकारी लोगों की समस्या को जान सकें और बेहतरी के लिए कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम हो रहा। सरकार के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति गुड गवर्नेंस लाने की बड़ी जिम्मेदारी है।

**पलामू में नवाचारित कृषि में व्यापक संभावनाएं - डॉ प्रमोद सिंह :** क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र चियांकी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने पलामू में नवाचारित कृषि एवं कृषि के क्षेत्र में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण के दिशा में सभी को समेकित प्रयास करने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र से आमदनी को दोगुनी करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने एग्रो बेस्ड संसाधन की आवश्यकता और उद्यानिकी फसलों एवं फलदार पौधों की खेती की संभावना एवं एक्सिलेंस सेंटर बनाने की दिशा में पहल करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। डॉ गौरव विशाल ने चिकित्सा के क्षेत्र में किये कार्यों से अवगत कराया। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों ने अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों की विवरणी प्रस्तुत करते हुए पलामू की जरूरतों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। धन्यवाद ज्ञापन मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन ने किया। कार्यक्रम में प्रतिमा कुमारी, बाल किशुन मुंडा, शशि रंजन, जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## इंडीकेटरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक कर आकांक्षी जिले के प्रगति के संबंध में विभिन्न इंडीकेटरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के पूर्व जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंत्री को जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। समीक्षा बैठक में मंत्री एल मुरुगन ने स्वास्थ्य और पोषण के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जिले में 90 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव किये जा रहें हैं, जो मातृ और शिशु के मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में सहायक हैं। उन्होंने शिक्षा पदाधिकारी को ड्रॉप आउट विषय पर विषय ध्यान देने की बात कही। बैठक में मंत्री को कृषि पदाधिकारी ने जिले में कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान बीज वितरण सहित अन्य की जानकारी दी गयी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुशासन लाने की दिशा में सभी करें प्रयास: सांसद

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि शासन निरंतर चलने वाला है। जिला प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों में कई नवाचार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला प्रशासन द्वारा सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए तैयारी कराया जाना बेहतर प्रयास है। यह सकारात्मक कार्य भविष्य में और बेहतर होगा और सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं, कठिनाइयों का निराकरण होना सुशासन है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है।











मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो (एनडब्ल्यूजीइएल चर्च इंडिया), बिशप निस्तार कुजुर (एनडब्ल्यूजीइएल चर्च) , विशप (जीइएल चर्च) ने मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक राजेश कच्छप, सुजीत कुजूर (15 सूत्री सदस्य रांची जिला), तारा तिर्की, सुजीत टोप्पो, राजीव एक्का, रवि बारला एवं विकास तिर्की उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गयी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भी राज्य की समस्त जनता एवं पूरे मसीही समुदाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू संस्थान (मरांग बुरु फाउंडेशन) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मारांग बुरु, पंचायत-मधुबन, प्रखंड-पीरटांड़, जिला- गिरीडीह में मनाये जाने वाले मारांग बुरु बाहा बोंगा पर्व को राजकीय महोत्सव घोषित करने से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप आयोजित मारांग बुरु बाहा बोंगा पर्व की विशेषताओं से अवगत कराया।

# जनजातीय समुदायों की परंपराओं का संरक्षण आवश्यक : विवेक भारद्वाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर मंगलवार को रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार और झारखंड राज्य सरकार के सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पेसा अधिनियम, 1996 (पंचायती राज (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम) के प्रावधानों के बारे में जन जागरूकता फैलाना और जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ की गई। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्धाज, झारखंड राज्य के पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव आलोक प्रेम नागर, झारखंड की पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, तीर फाउंडेशन के मिलिंद थेटे, और कई अन्य सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में विवेक भारद्वाज ने पेसा अधिनियम के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि यह अधिनियम जनजातीय समुदायों को जल, जंगल, और जमीन के प्रबंधन पर अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने झारखंड सरकार के प्रयासों की सराहना की, विशेष रूप से पेसा पर आधारित लोकगीत तैयार करने की पहल की।

**जनजातीय परंपराओं का दस्तावेजीकरण :** विवेक भारद्वाज ने जनजातीय परंपराओं के दस्तावेजीकरण पर जोर देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि ग्राम पंचायतों में आयोजित बैठकों में 26 जनवरी को प्रत्येक गांव की जनजातीय परंपराओं की सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।



## पेसा अधिनियम की कानूनी पहलू और स्थानीय स्वशासन पर चर्चा

कार्यशाला में पेसा अधिनियम के कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गयी, जिसमें तीर फाउंडेशन के मिलिंद थेटे, मंथन युवा संस्थान के सुधीर पाल और अन्य विशेषज्ञों ने पेसा कानून के विभिन्न पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने पेसा अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं को मिलने वाले अधिकारों और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला।

## संस्कृतिक कार्यक्रम और निष्कर्ष

कार्यशाला में जन विकास मंच के द्वारा पेसा अधिनियम पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य, नाटक और गीत प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, जनजातीय समुदायों के अधिकारों को सशक्त बनाने और उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाना था।

## राष्ट्रीय पेसा दिवस 2024 का महत्व

राष्ट्रीय पेसा दिवस 2024 का आयोजन भारतीय सरकार की जनजातीय समुदायों के समावेशी विकास और उनके अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम न केवल कानूनी रूप से जनजातीय समुदायों को अधिकार देने का अवसर है, बल्कि यह उनकी सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# डिप्टी एसपी प्रमोद केशरी ने ट्रैफिक पर दिया व्याख्यान



आजाद सिपाही संवादाता

**रांची।** 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, रांची द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव कुमार के निर्देशन में वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का आयोजन शेख भिखारी स्टेडियम, खेलगांव, रांची में दिनांक 16 से 25 दिसंबर तक किया गया है। इस दौरान कैंप में सिलेबस से संबंधित रेगुलर कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। साथ ही प्रतिदिन पीटी, ड्रील प्रशिक्षण, फायरिंग तथा शाम को विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा जा रहा है।

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आरके सिंह ने 19 दिसंबर को कैंप विजिट किया। फायरिंग रेंज के विजिट के दौरान उन्होंने कैडेट्स की तारीफ भी की तथा उनका हौसला बढ़ाया। अपराह्न में आशु भाषण प्रतियोगिता,तथा की खेलकूद का आयोजन किया गया। 20 दिसंबर को डिप्टी एसपी प्रमोद केशरी ने ट्रैफिक व्यवस्था पर अपना व्याख्यान दिया और कैडेट्स के ट्रैफिक संबंधी सवालों के जवाब भी दिये।

## डांस झारखंड में दिखी क्रिसमस की खुशी

आजाद सिपाही संवादाता

**रांची।** रातू रोड डांस झारखंड में क्रिसमस बिग सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें बच्चों ने आकर पार्टिसिपेट किया, लाइव संता डांस के साथ सेलिब्रेशन और गिफ्ट भी बांटी गयी वहीं बच्चों ने डांस सिंगिंग मस्ती के साथ की केक कटिंग भी किया और सेंटक्लोस से अपनी ड्रीम की ब्लेसिंग भी मांगी। वही नृत्य की प्रतियोगिता के साथ सिंगिंग से भी बच्चों ने सब को झुमा दिया। इसकी पूरी जानकारी राम ने दिया।



## महत्वपूर्ण खबरें

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन पंचम सिंह और आनंदमयी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सभी को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कहा कि यीशु मसीह प्रेम, सौहार्द और शांति के प्रतीक हैं। आज जब सारी दुनिया आपसी वैमनस्य और हिंसा की चपेट में है, ऐसे समय में यीशु मसीह का जीवन एक प्रकाश पुंज की तरह है। इस अवसर पर बच्चों ने प्रभु यीशु के जन्म और जीवन यात्रा पर आधारित नृत्य नाटिका और आनंदगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा तीन तक के वैसे बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने पूरे साल विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा, पर्यटन, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक देशभक्ति प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन उपप्राचार्या प्रेमलता कुमारी और एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर मोनिका कुमारी ने किया, जबकि शिक्षिका मीनाक्षी शर्मा, छात्रा यूसरा अशरफ और मनस्वी गुरु मूर्ति ने संचालन किया।

### लिटिल स्टार किडजी विद्यालय में क्रिसमस उत्सव का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोकर स्थित लिटिल स्टार किडजी विद्यालय में क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में यीशु मसीह और मदर मैरी के बारे में बताया गया। यीशु मसीह के जन्म अवसर पर केक काटा गया। अभिभावक लोग भी बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों के अभिभावकों के द्वारा बहुत ही सुंदर क्रिसमस से जुड़े आर्ट और क्राफ्ट बनाया गया। माता-पिता बच्चों का कार्यक्रम का आनंद लेते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए दिखायी दिये। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्रेम, सौहार्द और शांति का प्रतीक है। हमें इस त्योहार के माध्यम से यीशु मसीह के संदेश को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

### एनआइबीएम ने करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया



रांची (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे में सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस वर्ष भी हजारों रिक्तियों की घोषणा की गयी है। एनआइबीएम के निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को पहले ऑफलाइन बेसिक कंसेप्ट क्लियर करना चाहिये। इसके साथ नयी पैटर्न पर परीक्षाओं में कैसे प्रश्न पूछे जाते हैं उनका टारगेट करके कम से कम समय सेकंड्स में प्रश्नों को कैसे बनाया जाये, एनआइबीएम में उपलब्ध कराई गयी सारी स्टडी मैटेरियल तथा बुक्स नयी पैटर्न पर आधारित है। वर्तमान में एसबीआई की हजारों वैकेंसी, रेलवे में हजारों वैकेंसी के लिए टारगेट तथा रेगुलर कंबाइंड बैच प्रारंभ की जा रही है। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में दोनों में पढ़ाई करवाई जायेगी। दो महीने में पूर्ण कोर्स इसका शुल्क केवल 5000 रुपये निर्धारित की गयी है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए विशेष 25 प्रतिशत छूट की भी घोषणा की गयी। नया बैच 27 तथा 30 दिसंबर को प्रारंभ की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी श्री साईं टावर सर्कुलर रोड रांची स्थित संस्थान एनआइबीएम और इसकी वेबसाइट और 9334726278 और 8825250625 पर संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यशाला में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर केसी अग्रवाल, सुरेश चंद्र, शिवेश, अनिल, रमन वल्लभ, सुरजीत घोष अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

## राष्ट्रीय गणित दिवस : वाइबीएन विश्वविद्यालय में भव्य आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची के स्कूल ऑफ साइंस के गणित विभाग द्वारा प्रख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार सिंह ने इम्पैक्ट ऑफ रामानुजन वर्क्स ऑन मॉडर्न मैथमैटिक्स विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक संवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने गणित से संबंधित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी आयोजित की, जिसमें रामानुजन के समीकरणों और गणितीय सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन स्कूल ऑफ साइंस के संकाय अध्यक्ष डॉ आशा मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान से हुआ। विश्वविद्यालय के सभी संकाय अध्यक्ष, विभाग अध्यक्ष, टीचिंग फैकल्टी उपस्थित रहे।

## झारखंड राय यूनिवर्सिटी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राय यूनिवर्सिटी के माइनिंग इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट द्वारा विकसित भारत 2047 ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया विषय पर एक्सपर्ट टॉक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) सुरेश प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रो. डॉ. एसपी. सिंह ने अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को डेवलपमेंट का आधार हमारे प्राकृतिक रिसोर्सेस को बतलाया। उन्होंने डिजिटल इंडिया, डिजिटल लिटरेसी, ई गवर्नेंस आदि के बारे में विस्तार से बतलाया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम अर्थ समिट 1972 में स्टॉकहोम में हुआ और 15 वर्ष लगे हमें ग्लोबल वार्मिंग को समझने में। उन्होंने कहा कि ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया ही विकसित भारत का निर्माण करेगी। इस अवसर पर विभाग के डॉ विनीता, डॉ जयप्रकाश, प्रतीक मौर्य, सुमित किशोर, चंदन सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राज्य में ठंड और कोहरे के बीच 28 को बारिश के आसार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य हिस्सों में मंगलवार सुबह कोहरे के साथ आंशिक रूप से बादल छाये रहे। हवा भी लगातार चल रही है। पूर्वानुमान है कि 25, 26 और 27 दिसंबर को सुबह में कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। इसके बाद 28 दिसंबर को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। साथ ही उत्तर पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तरी भागों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# रांची में प्रदेश कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवादाता

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस ने अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। यह मार्च कांग्रेस भवन से उपायुक्त कार्यालय तक निकाला गया। मार्च की समाप्ति के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन उपायुक्त की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को दिया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जरिये भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के विरोध में राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत झारखंड में भी अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अमित शाह की बाबा साहब पर टिप्पणी ने संविधान के ढांचे को महत्वहीन बना दिया है, जो समाज को समान भागीदारी के उनके अधिकार को मान्यता देता है। कमलेश ने कहा कि अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार संविधान एक विरासत है, जो भारत के लोकतंत्र को मजबूती देता है। स्वतंत्रता संग्राम के बड़े विभूतियां में से एक बाबा साहब का अपमान कांग्रेस कतइ बर्दाश्त नहीं करेगी। अंबेडकर सम्मान मार्च में मुख्य रूप से कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, सुबोध कांत सहाय, डॉ रामेश्वर उरांव, राजेश ठाकुर, सुरेश बैठा, बंधु तिर्की, राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह और संजय लाल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।



### कैप्सूल आधारित वायरलेस पेसमेकर : वृद्ध रोगियों के लिए नया विश्वास

# राज अर्टेमिस हार्ट सेंटर में बिना चीर-फाड़ और टांके के कैप्सूल आधारित वायरलेस पेसमेकर का प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवादाता

**रांची।** राज अस्पताल रांची के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ राजेश कुमार झा के द्वारा नवीनतम तकनीक पर आधारित अबॉट कंपनी की एवियर लीड रहित पेसमेकर का प्रत्यारोपण किया गया। एबॉट एवियर लीड रहित पेसमेकर का प्रत्यारोपण पूरे झारखंड, बिहार और ओडिशा में पहली बार किया गया है। डॉ राजेश कुमार झा ने बताया की मरीज ने पारंपरिक पेसमेकर सर्जरी करवाई थी, लेकिन उनका पेसमेकर पॉकेट संक्रमित हो गया था, क्योंकि मरीज की उम्र बहुत ज्यादा थी और साथ में मरीज को और भी अन्य बीमारियां थी। इसलिए हमने तय किया कि इस मरीज का इलाज इस विशेष उपकरण से करना उचित रहेगा और हमने इसे सफलतापूर्वक किया है। यह तकनीक इतनी सुरछित और प्रभावी है कि पेसमेकर की प्रत्यारोपण के अगले दिन ही मरीज को छुट्टी मिल गयी। पूरी प्रक्रिया का समय आधे घंटे से भी कम था, जो मरीज के लिए बहुत ही आरामदायक था। यह प्रक्रिया बिना चीर - फाड़ के पूरी तरह से दर्द रहित एवं बहुत ही सुरक्षित है। विशेषकर ऐसे मरीज जो बहुत सी बिमारियों से ग्रसित है तथा जिनका शरीर कमजोर है एवं जिनमें बार-बार पेसमेकर पॉकेट इन्फेक्शन हो जाता है, उनमें इस प्रक्रिया के द्वारा पेसमेकर प्रत्यारोपित करने पर रिकवरी बहुत ही जल्दी होती है। इस पेसमेकर का आकार बिल्कुल रिमोट की बैटरी जितना होता है और इसकी बैटरी की लाइफ 20 वर्ष से अधिक है। नियमित पेसमेकर और लीडलेस पेसमेकर में प्रमुख अंतर यह है कि मरीज को अस्पताल में कम रहना पड़ता है। कम रक्तस्राव होता है। प्रत्यारोपण के दौरान जटिलताएं भी कम होती है और साथ ही संक्रमण की कोई संभावना नहीं होती है। राज अस्पताल रांची के हृदय रोग विभाग में डॉ राजेश कुमार झा के नेतृत्व में कुशल टीम के द्वारा हृदय से जुडी इलाज जैसे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर प्रत्यारोपण, आइसीडी, सीआरटीडी, पेरीफेरल एंजियोप्लास्टी, और लीडलेस पेसमेकर जैसी सारी प्रक्रिया की जाती है।



# हेमंत सोरेन को महाकुंभ में आने का दिया निमंत्रण

## उत्तर प्रदेश के शिक्षा और राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा (कैबिनेट) मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं कारागार (राज्यमंत्री) सुरेश राही ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंतसोरेन को मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं सुरेश राही ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उनका आमंत्रण, पवित्र गंगाजल एवं महाकुम्भ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री को महाकुम्भ 2025 में पधारने के लिए आमंत्रित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा (कैबिनेट) मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं कारागार (राज्यमंत्री) सुरेश राही को सप्रेम स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।




# जगन्नाथ मंदिर का स्थापना दिवस आज श्री विष्णु लक्षार्चना वार्षिक पूजा होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथ मंदिर का स्थापना दिवस 25 दिसंबर को मनाया जायेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर मंदिर की साज सज्जा की गयी है। इस अवसर पर श्री विष्णु लक्षार्चना वार्षिक पूजा की जायेगी। बता दें कि रांची शहर के दक्षिण-पूर्व में 10 किमी की दूरी पर जगन्नाथपुर मंदिर का निर्माण बड़कागढ़ के ठाकुर महाराजा रामशाही के चौथे पुत्र ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव ने 25 दिसंबर, 1691 में कराया था. मंदिर का जो वर्तमान रूप दिखायी देता है, उसका निर्माण करीब एक करोड़ की लागत से 1991 में हुआ। मंदिर पुरी के जगन्नाथ मंदिर के स्थापत्य की तर्ज पर ही बनाया गया है। गर्भ गृह के आगे भोगगृह है। भोग गृह के पहले गरुड़ मंदिर हैं, जहां बीच में गरुड़जी विराजमान हैं। गरुड़ मंदिर के आगे चौकीदार मंदिर है। ये चारों मंदिर एक साथ बने हुए हैं।



वार्षिक पूजा के कार्यक्रम

25 दिसंबर को सुबह 5 बजे सुप्रभातम (श्री जगन्नाथ जी की दर्शन सुलभ), सुबह 6 बजे आरती। 8 से 8:30 बजे तक कलश पूजा, विष्णु पूजा। 8:30 से 9:15 बजे गणपति हवन,विष्णु गायत्री हवन। 9:16 से 10 बजे तक पूजा हेतु श्रद्धालुओं के बीच पत्तल एवं फुल वितरण। 10 बजे से 11:30 बजे तक विष्णु सहस्त्रनाम पूजा। 11: 31 बजे से अर्चित फुल भगवान को समर्पित करना। दोपहर 12 बजे से महाप्रभु को अन्न भोग लगाना। 12:10 बजे महाप्रभु दर्शन पट बंद। 12:30 बजे से अन्न भोग श्रद्धालुओं के बीच निशुल्क वितरण मंदिर प्रांगण के बाहर पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद लेना है। अपराह्न 3 बजे पुन: पट खुलेगा एवं दर्शन सुलभ प्रतिदिन की तरह सेवा चलती रहेगी।

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने ग्रामीण क्षेत्र नुंजू गांव में बांटे कंबल

**रांची (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण मे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र खिजरी प्रखंड के नचलदाग पंचायत के नुंजू गांव में गरीब एवं जरूरतमंदों को 160 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोग ठंड से परेशान रहते हैं। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षो से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में समानता और सहयोग के भावना को बढ़ावा देना है यह कार्यक्रम न सिर्फ सर्दियों में राहत प्रदान करता है, बल्कि यह समाज के प्रति दायित्व का पालन भी है। इस तरह की गतिविधियों से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चलता रहेगा। कंबल जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, अनिल कुमार अग्रवाल, बबलू हरित, सुनील पोद्दार, मुन्नी देवी, गोपाल पाहन, विश्वनाथ कुमार, आरती कुमारी, सविता कुमारी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत दी जा रही आभा ऐप की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। मंगलवार को मौसम सुहावना होने के कारण काफी संख्या में लोग मेले में खरीदारी करने पहुंचे। खादी मेले से आने वालों लोगों को सरकारी विभागों के स्टॉल पर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा ऐप की जानकारी दी जा रही है। इस ऐप के द्वारा हम अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से जोड़ सकते हैं और एक्सेस भी कर सकते हैं। वहीं जिला यक्ष्मा समिति की तरफ से भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें टीबी सहित और अन्य बीमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 में सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खादी मेला में ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिल रहा है। रामगढ़ की सोनी कुमारी ने अपनी गेहूं की डंडी से बनी कलाकृतियों से सबको प्रभावित किया। वहीं, देवघर की गुड्डी देवी के पेड़े लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।




मेले में सखी मंडल की दीदियों ने न केवल अपने उत्पादों के जरिए अपनी मेहनत और कला को प्रदर्शित किया है, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। JSLPS द्वारा दी गयी सहायता और इस मंच ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सखी मंडल की सफलता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 20 दिसंबर से 6 जनवरी 2025 तक चलेगा।

# कांग्रेस की सोच हमेशा से अंबेडकर विरोधी : मरांडी

## अंबेडकर सम्मान मार्च का नाटक कर रही कांग्रेस पार्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कांग्रेस द्वारा आयोजित अंबेडकर सम्मान मार्च को ढकोसला करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच शुरू से अम्बेडकर विरोधी रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, जिसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया, उनका मजाक उड़ाया और उन्हें लज्जित किया, आज वही पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। कहा कि कांग्रेस को अपने नेताओं और पंडित नेहरू द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के लिए पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगना चाहिए। कहा कि जब भी कोई व्यक्ति मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है लेकिन बाबासाहब भीमराव अंबेडकर जी के इस्तीफे के बाद सदन में उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। अपने त्याग पत्र में बाबा साहब अंबेडकर ने पंडित नेहरू के खिलाफ बहुत कुछ लिखा है। बाबा साहब ने अपने इस्तीफे में लिखा था कि मैं वित्त और उद्योग क्षेत्र में पढ़ा-लिखा था, मगर मुझे उससे जुड़ा एक भी विभाग नहीं दिया गया और एक भी संसदीय कमेटी का हिस्सा नहीं बनाया गया। मुझे कानून मंत्रालय दिया तो गया, मगर



ईमानदारी से काम नहीं करने दिया गया। मुझे हिंदू कोड बिल के कार्य को पूरा नहीं करने दिया गया। केवल मुसलमानों की चिंता की गयी, लेकिन एससी और एसटी को उचित संरक्षण प्रदान नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश भर में भाजपा के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस का नाटक कर रही है। जिस कांग्रेस ने देश के महान सपूत डॉ भीम राव अंबेडकर का हमेशा से ही अपमान किया और उन्हें संविधान सभा का सदस्य तक नहीं बनने दिया, आज वह बाबा साहब के प्रति प्रेम का दिखावा कर रही है। कहा कि जिस कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को 1952 के लोकसभा चुनाव और 1954 के उपचुनाव में हरवाया, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब को देश के कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, जिस महान सपूत को कांग्रेस पार्टी ने भारत रत्न तक नहीं दिया, जिस कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया, वो कांग्रेस पार्टी आज बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर प्रेस वार्ता कर रही है, मार्च निकाल रही है। कांग्रेस को इस पाखंड को बंद कर देना चाहिए।

# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभातफेरियों की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रभातफेरियों की शुरुआत हुई। सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के डिकुड़ी गेट से निकलकर जोगिंदर गाबा, सुंदर दास मिड्ढा, द्वारकादास मुंजाल के आवास से होते हुए ऋषिकेश भवन तथा जीतू काठपाल, ओमप्रकाश बरेजा, सुभाष मिड्ढा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम थरेजा एवं भगत सिंह मिड्ढा की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पर पहुंचकर संपन्न हुई।

सत्संग सभा के कीर्तन मंडली की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, जसपाल मुजाल ने भक्ति भाव से गोबिन्द मिलन की ऐहो तेरी बरिया... एवं भजो गोबिंद भूल मत जाओ मानस जनम का एही नाओ... तथा वह परगटयो पुरख भगवंत रूप गुर गोविंद सूरा... जैसे अनेक शबद गायन कर संगत को गुरुवाणी से जोड़ा। सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिड्ढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की रस्म अदा की। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने साफ-सफाई कर तथा प्रभातफेरी में शामिल गुरु रूप साध संगत पर पुष्प वर्षा कर फेरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। फेरी की समाप्ति पर गुरुद्वारा साहिब में संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया।



प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन दास मिड्ढा, जीवन मिढा, मोहन काठपाल, हरगोबिंद सिंह, अशोक गेरा, प्रकाश गिरधर, रमेश पपनेजा, सुंदर दास मिढा, इंदर मिढा, हरीश तेहरी, अमर मदान, रौनक ग्रोवर, जगदीश मुंजाल, कमल मुंजाल, बसंत काठपाल, आशु मिड्ढा, नवीन मिड्ढा, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, जीतू काठपाल, गौरव मिड्ढा, रमेश तेहरी, भगवान दास मुंजाल, अश्विनी सुखीजा, कमल अरोड़ा, रमेश गिरधर, प्रताप तलेजा, उमेश मुंजाल, सुरजीत मुंजाल, हरविंदर सिंह, छोटू सिंह आदि शामिल थे।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का शहीदी सप्ताह चल रहा है। शहीदी सप्ताह को मुख रखते हुए 25 दिसंबर रात को 8 से 10:15 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया जायेगा, जिसमें पंथ प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई गुरविंदर सिंह जी लाल, रुद्रपुर वाले कीर्तन की हाजरी भरेंगे। दीवान की समाप्ति रात 10:30 बजे होगी। समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। साथ ही जानकारी दी कि रविवार 29 दिसंबर को गुरुनानक सेवक जत्था के पवनजीत सिंह खत्री के संचालन में गुरुद्वारा साहिब के दरबार हॉल में रात 7:45 बजे से बड़े पर्दे पर चार साहिबजादे मूवी दिखायी जायेगी।

# मारवाड़ी महिला कॉलेज के पास पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

## छेड़खानी की घटना को लेकर बढ़ी मुस्तैदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मारवाड़ी विमेंस कॉलेज के पास कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस दल के साथ विशेष अभियान चला रहे हैं। इस दौरान अड्डेबाजी वाले स्थानों, अवैध दुकानों और पार्किंग को लेकर कारवाई की गयी है। कॉलेज के पास फालतू का जमावड़ा लगाने वाले लोगों को खदेड़ा जा रहा है। बता दें कि कुछ दिनों पहले अपर बाजार के बालिका स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी हुई थी। इसका आरोपी फिरोज पकड़ा गया है। इसके बाद से रांची पुलिस छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए मुस्तैद है। महिला शिक्षण संस्थानों के आसपास से मनचलों और अवैध दुकानों को हटाया जा रहा है। कई स्थानों पर सीसीटीवी लगाये गये हैं।



# कोडीनयुक्त कफ सिरप व अन्य नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री पर लगी पाबंदी पर हाइकोर्ट की रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री पर लगी पाबंदी पर झारखंड हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। 28 सितंबर 2022 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार ने राज्य में कोडीनयुक्त कफ सीरप एवं अन्य नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाओं की आपूर्ति व बिक्री को सीमित कर दिया था। इससे पहले बिहार में भी कोडीनयुक्त कफ सिरप व नार्कोटिक्स दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक से सबंधित नोटिफिकेशन पर रोक लगी हुई है।

राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफ लेबरिट फार्मास्युटिकल इंडिया लिमिटेड झारखंड हाईकोर्ट चली गयी। जिसपर हाईकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पाया कि इस मामले पर पहले से विभिन्न हाईकोर्ट ने इस तरह के नोटिफिकेशन पर स्टे लगाया हुआ है, जिसे आधार बनाते हुए कोर्ट ने झारखंड सरकार के मेमो न। 1587 (डी) दिनांक 28 सितंबर 2022 पर अगले आदेश तक स्थगन आदेश पारित किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी 2025 निर्धारित की है।

झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने महाऔषधि नियंत्रक (भारत) के पत्रांक -7-5/2017/एनसीबी/01-एनसीओआरडी दिनांक 20 जनवरी 2022 के निर्देश के आलोक में कोडीनयुक्त कफ सिरप व अन्य नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री पर पाबंदी लगायी थी। जिसमें कहा गया था कि कोडीनयुक्त कफ सीरप एवं अन्य नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली औषधियों के राज्य में अवस्थित सी.एंड.एफ एजेंट्स/डिपो/वितरक (जिन्हें विपयाधीन औषधि सीधे निमार्ता से प्राप्त होती है)। अपने थोक विक्रताओं अथवा किसी भी संस्थान को एक बार में किसी भी परिस्थिति में सरकार के द्वारा तय मात्रा से अधिक की बिक्री नहीं करेंगे।





# मेरे मन में बसी है कभी न भूलने वाली अटल स्मृति



डॉ राजश्री जयंती

पिछले कुछ अरसे से हार्दिक इच्छा थी कि एक बार श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी के चरण छूकर उनसे आशीर्वाद लूं। एक बार जब दिल्ली में थी तो फोन किया और अटलजी से मिलने की इच्छा प्रकट की। दूसरी ओर से मोबाइल नंबर मागा गया और फिर इंतजार करने को कहा गया। काफी इंतजार करने के बाद शाम को फिर फोन किया, तो फोन ट्रांसफर किया गया। दूसरी ओर से अगले दिन शाम 4 बजे फोन करने को कहा गया। शायद अटलजी के निजी सचिव से बात हुई थी।

निर्धारित समय पर फोन किया तो कहा गया आधे घंटे में आ जाइए, लेकिन आपको अच्छा नहीं लगेगा उनसे मिलकर। मैंने कहा, मुझे सिर्फ उनके चरण छूने हैं। पता तो था कि वे बीमार चल रहे हैं, लेकिन बस उनके दर्शन की इच्छा थी कि चली गई। औपचारिकता पूरी करने के बाद इन्टरकॉम से खबर गयी होगी, अंदर एक कमरे में ले जाया गया। वहा जिन जिंटा जी से मिली, वे बहुत ही मृदुभाषी थे। वे मेरी ही प्रतीक्षा कर रहे थे। जिंटाजी से कविताओं और साहित्य की भी चर्चा हुई। वहां लगी शानदार तस्वीरें देखकर देखती ही रह गयी। आलमारी में करीने से सजी बहुत सारी किताबें थीं। अटलजी के यहा निश्चित ही सारी दुर्लभ पुस्तकें ही होंगी। उन्होंने कहा, आपको अच्छा नहीं लगेगा उनको देखकर। और वे खुद वहा ले गए जहां फोल्डेबल बेड पर अटल जी लेटे हुए थे। देखकर दंग रह गयी। मैं अटलजी के चरणों की तरफ खड़ी हो गयी। उनको देखकर आखें डबडबा गयीं। जिंटाजी ने धीमे से उनके कान में कहा, सर देखिए, कौन आयी हैं। झारखंड, राची से आयी हैं। कविताएं भी करती हैं। आपसे बहुत दिन से आशीर्वाद लेना चाह रही थीं, इन्हें आशीर्वाद दीजिए।



मैंने श्रद्धापूर्वक अटलजी के चरण छुए। अनुभूति को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। एक आध्यात्मिक सुख की अनुभूति थी। डबडबाई आखों को बंद किया, कुछ अनकही सी अनुभूति। पर ऐसा लगा जैसे आशीर्वाद मिल गया हो। एक नयी ऊर्जा का जैसे संचार हुआ हो। कमरे से बाहर आयी तो आखों से आसू बह रहे थे। जिंटा साहब हमें अपने कमरे में वापस लेकर आये। लगभग 10 मिनट तक भावनाओं को काबू करने की कोशिश करती रही। ईश्वर को धन्यवाद दे रही थी कि एक संवेदनशील कवि, मृदुभाषी, सबके प्रिय-श्रद्धेय नेता के चरणों को छूने का अवसर दिया। जिंटाजी ने कहा कि अगर वे स्वस्थ्य होते तो चाय के साथ आपकी कविताएं सुनते और खुद की सुनाते। उन्हें धन्यवाद दिया और भारी मन से बाहर आ गयी। जिंटाजी का व्यवहार कभी नहीं भूल पाऊंगी। हां, जो लोग अटलजी की पूरे मनोयोग से देखरेख और सेवा में लगे हैं, उनकी सज्जनता और भावनाएं भी दिल को छू गयीं। न भूल सकने वाली भेंट की स्मृति मन में बसी है।

**(लेखिका : भाजपा नेत्री, साहित्यकार तथा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की निदेशक हैं।)**


## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसान क्र.सं - 8683 दिनांक : 24.12.2024 में, देवकी महतो, पिता स्व० दौलत महतो, उम्र लगभग - 67 वर्ष, निवास स्थान ग्राम कांडतरी पोस्ट सौंड, थाना- बड़कागाँव, जिला हजारीबाग, झारखण्ड, पिन कोड-825311 का निवासी हूँ, मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरी पत्नी खेमनी देवी के आधार कार्ड संख्या 7119 4367 9190 में मेरा नाम प्रयाग महतो (PRAYAG MAHTO) अंकित है। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 8491 7313 5602 एवं पैन कार्ड संख्या CGPPM3904E में मेरा नाम देवकी महतो (DEVKI MAHTO) अंकित है।

3. यह कि प्रयाग महतो (PRAYAG MAHTO) वो देवकी महतो (DEVKI MAHTO) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि मेरे पत्नी के उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार सुधार कर देवकी महतो (DEVKI MAHTO) अंकित कर दिया जाए, जिसके वास्ते यह शपथ पत्र दे रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त तथ्यों से संबंधित भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रश्न उठता है, तो उसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

## सांसद ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



तमाड़ (आजाद सिपाही)। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ वन विश्रामागार में ग्रामीणों के साथ बैठक किया और जन समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बिजली, सड़क और पेयजल आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जनता को अधिकारी परेशान न करें, सुगमता से उनके कार्यों को निपटायें।

## ईचागढ़ में विधिक जागरूकता रैली निकाली गयी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के तत्वावधान में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान की तहत प्रभात फेरी निकाली गयी, जिसमें अधिकार मित्र कार्तिक गोप, गंगा सागर पाल, निर्मल घोष, तुष्ट रानी मंडल आदि उपस्थित शामिल हुए। प्रभात फेरी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक नि:शुल्क विधिक सेवा पहुंचाना और उन्हें अपने अधिकारों और कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

## स्व मोहम्मद रफी का 100वां जन्मदिन मनाया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक स्व मोहम्मद रफी के 100वां जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर उनके गीत को स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर समा को बांध दिया। समाजसेवी राम दुर्लभ मुंडा रोशन महतो उर्फ प्रदीप महतो बंटी सिंह मुंडा, दीपक कुमार आदि ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और उनकी याद में गायकों के द्वारा उनके गाए हुए गीतों से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ललित नारायण साहू, अजय महतो, नारायण रवानी, मनोज डीएमडी मोहम्मद महबूब मकबूल, संदीप मांझी आदि लोग आयोजन में शामिल हुए।

## जहर पीने से महिला की मौत, पिता ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप, आरोपित गिरफ्तार


खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला के मारंगहादा थानांतर्गत जामताय गांव निवासी दसाय पहान नामक ग्रामीण की 20 वर्षीय पत्नी पालो कुमारी की मंगलवार को जहर पीने से मौत हो गई। इस संबंध में महिला के पिता खूंटी के सारिदकेल गांव निवासी छैला मुंडा ने दामाद दसाय पहान पर जहर देकर उसकी बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है। मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपित दसाय पहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपित दसाय पहान ने उसकी नाबालिग बेटी को तीन साल पहले से ढुकू के रूप में अपने घर में पत्नी की तरह रखा था। इसी दौरान उसकी बेटी ने एक पुत्री को भी जन्म दिया। मां बनने के कुछ दिनों के बाद दामाद दसाय पहान उसकी बेटी पालो कुमारी के साथ मारपीट और प्रताड़ित करने लगा। इसी बीच आरोपित एक अन्य लड़की को घर ले आया और उसे पत्नी की तरह रख लिया। इसी बात पर विवाद होने से आरोपित ने उसकी बेटी को जहर देकर मार डाला।

## विज्ञान और कला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन




बुंडू (आजाद सिपाही)। सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू में मंगलवार को विज्ञान और कला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्टो कुमार बेसरा और विशिष्ट अतिथि में कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता शामिल हुए। अतिथियों ने छात्र छात्रों के विज्ञान और कला प्रदर्शनी के स्टालों का अवलोकन कर सराहना किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अली अराफात ने कहा कि शिक्षा मनुष्य का श्रृंगार है, जितना ज्ञान हासिल करोगे उतना सम्मान मिलेगा। स्कूल की प्राचार्या तराना बेगम ने कहा कि इस तरह के आयोजन के पीछे हमारा यह उद्देश्य रहता है कि बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकले जो उनके भविष्य के निर्माण में सहायक हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के शिक्षक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर के सहयोग किया।

## सुंदारी में नेत्र जांच शिविर और कंबल वितरण कार्यक्रम



खूंटी (आजाद सिपाही)। नेत्र वसंत परियोजना के तहत साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से एसजीवीएस खूंटी द्वारा महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, सुंदारी तोरपा में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में 104 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 18 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पायी गयी। कार्यक्रम के दौरान सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये गये। कंबलों का दान वृंदा ज्वेलर्स और पैरागोन फाइनेंस द्वारा किया गया।

# कांग्रेस ने निकाली अंबेडकर सम्मान यात्रा अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर कें खिलाफ की कई अशोभनीय टिपण्णी के विरोध में मंगलवार कों खूंटी जिला कमेंटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई मे अंबेदकर सम्मान यात्रा निकाली गई और गृह मंत्री के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कें बाद राष्ट्रपति के नाम खूंटी के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा ऐसी ओछी हरकत करने वाले लोग को स्वत: इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेदकर का आपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। अमित शाह को तुरंत बर्खास्त किया जाये। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, रविकांत मिश्रा, फिरोज आलम, जेम्स तोपनो, शांता खाखा, सुषमा भेंगरा, विजय मिश्रा, मगरीता खेस, मो शाहिद, मोनू, बंधु गंझू आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा




पिपरवार (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी चतरा जिला समिति के द्वारा मंगलवार को चतरा जिला मुख्यालय में आयोजित पैदल मार्च सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में चतरा कांग्रेस कमेटी ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास से पोस्ट ऑफिस तक पैदल मार्च कर समाहरणालय डीसी ऑफिस पहुंचा, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी ने कहा कि संविधान की शपथ लेकर संसद पहुंचने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ भीमराव अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी की है, जो काफी शर्मसार करने वाली है। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पिपरवार के बचरा उतरी मुखिया सह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, चतरा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, ओमप्रकाश पाठक, सुभाष दास सहित कई लोग मौजूद थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कला प्रदर्शनी का आयोजन

**मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ आदित्य प्रसाद साहू ने बच्चों को किया प्रोत्साहित**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम का शुभांरभ करते मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ आदित्य प्रसाद साहू।

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर, डकरा में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ आदित्य प्रसाद साहू ने विशिष्ट अतिथि एनके एरिया जीएम दिनेश कुमार गुप्ता और विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चौहान के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि आदित्य प्रसाद साहू ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलो का अवलोकन कर संबंधित मॉडल का बच्चों से जानकारी लिया। वहीं उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्किल इंडिया की चर्चा की तथा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वही विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार गुप्ता ने बच्चों की प्रतिभा का सराहा और उन्हे प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कृष्णा चौहान, मुन्नू शर्मा (चाइल्ड प्रोटेक्शन खलारी), सरोज सिंह (प्रदेश मंत्री, भाजपा), कमलेश राम (प्रदेश मंत्री, अनुसूचित जाति), हरदेव साव (उप प्रमुख), ईश्वर चैधरी (मोर्चा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, ओबीसी), मनोज कुमार साहू (सांसद प्रतिनिधि, रांची), सुरेश साहू, भाजपा आर्य समिति), शैलेंद्र शर्मा (भाजपा नेता खलारी), अशर्फी राम आदि उपस्थित थे।

# आज भी झारखंड में पेशा एक्ट कानून पूर्णतः लागू नहीं है : लक्ष्मण सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** पेड़ायडीह पंचायत के सलगाडीह बाजार टांड़ में पंचायत स्तरीय पेशा दिवस ग्राम प्रधान पूर्णचंद्र मुंडा की अध्यक्षता में बैठक सह कार्यशाला आयोजित किया गया। बैठक में पंचायत की मुखिया अनिता देवी के अलावे ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान अनुप कुमार मुंडा, ग्राम प्रधान नन्दकिशोर महतो, परमेश्वर अहीर, मदन सिंह मुंडा, तुलसी मुण्डा, पंचायत सचिव सैनाथ सिंह मुण्डा, रोजगार सेवक हरिपद स्वांसी, पुष्कर मुंडा, राजु अहीर, नरेंद्र सिंह मुंडा सहित कई लोग शामिल थे।

पेशा एक्ट पर बोलते हुए मुख्य वक्ता के रूप में ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड में पेशा एक्ट कानून 1996 में बना। इसी के तहत झारखंड में वर्षों पश्चात पंचायती राज व्यवस्था के तहत पंचायत चुनाव हुआ। ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए मुंडा/मानकी/महतो/ग्राम प्रधान आदि का पुनः चिन्हितीकरण करते हुए ग्रामीण विकास के लिए कुछ अधिकार दिये गये।

जबकि पेशा एक्ट में ग्राम स्वराज की संपुर्ण अधिकार ग्राम सभा को और पंचायत को है। श्री मुंडा ने कहा कि बहुतायत रुप में एससी/एसटी की जनसंख्या निवास करने वाले क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र के रूप में चिन्हित करते हुए वहां के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम सभा हो ये निश्चित किया गया, परंतु दुर्भाग्य है कि आज भी झारखंड में पेशा एक्ट कानून पूर्णतः लागू नहीं है, जबकि झारखंड जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जल जंगल जमीन, खनिज संपदा एवं वन उपज के प्रथम अधिकार एवं हकदार ग्राम सभा को होना चाहिए। वहीं मुखिया अनिता देवी ने कहा कि सचमुच आज पेशा एक्ट के नाम पर केवल राजनीति हो रही है, नेता गण जनसामान्य को ठगने का ही काम कर रहे हैं। योजनाएं थोपा जाता है, ग्राम सभा को नजरअंदाज किया जाता है। इसमें हम सबों को सजग रहने की आवश्यकता है। बैठक में अनुप कुमार मुंडा, गीता देवी, पार्वती देवी ने भी अपनी बात को रखा।

## अफीम के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। चौका थाना क्षेत्र के महादेवबेड़ा, आसंगीबेड़ा व उरमाल में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणयात निर्देश पर चौका पुलिस द्वारा अफीम की अवैध खेती और विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो ने स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दिया। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। तथा साथ ही साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित भी अहम जानकारियां दिया।

## बाइक और कार में टक्कर, एक घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड के ब्लाक मोड़ के पास बुलेट मोटरसाइकिल जेएच 01 डीएम 1620 और कार जेएच 01 एफएस 3780 कि सीधी भिड़ंत हो गयी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार नवरात्रि टोली निवासी जय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये।

## खलारी व्यवसायी संघ ने सुरेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



खलारी के केडी हिंदूगढ़ी चौक में शोकसभा में शामिल लोग।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद को खलारी व्यवसायी संघ ने श्रद्धांजलि दी। केडी हिंदू गढ़ी चैक पर एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें संघ के लोगों के अलावा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। इधर एक दूसरे कार्यक्रम में खलारी पहुंचे राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू भी सुरेंद्र प्रसाद के आवास पर आकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाम में दामोदर स्थित देवरखंड मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मालूम हो कि सोमवार की दोपहर रांची में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। शोकसभा में सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, रंजन सिंह बिट्टू, पंकज मिश्रा, राजेंद्र चौहान, विकास सिंह, पप्पू खां, रजविंदर सिंह, रतन मिश्रा, विष्णु गोयल आदि शामिल थे।

## आइपीएस स्कूल बुंडू में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का समापन




बुंडू (आजाद सिपाही)। आईपीएस स्कूल बुंडू में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का समापन समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विगत 5 दिनों से हो रहे विभिन्न खेलों जैसे रेस, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, खो खो, कबड्डी, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट आदि में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डायरेक्टर दीपक मिश्रा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और जो विद्यार्थी सफल नहीं हो पाये हैं उन्हें आगे और मेहनत कर खुद को निखारने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रिंसिपल पद्मा मिश्रा ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रभु यीशु के प्रेम-त्याग और बलिदान का पर्व है क्रिसमस : प्रतिभा सुमन



खूंटी (आजाद सिपाही)। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से आयोजित की कई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन और संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर संस्थान के छात्रों ने नृत्य और संगीत समेत कई कार्यक्रम पेश कर समा बांध दिया। सांता क्लॉज द्वारा सबों को गिफ्ट बांटे गए। मौके पर शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन ने कहा कि क्रिसमस परमेश्वर की उपस्थिति का महोत्सव है। प्रभु यीशु ने मानव सेवा में अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया। उनके द्वारा हमें प्रेम, त्याग और बलिदान का संदेश मिलता है। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने भी बच्चों को यीशु मसीह के जीवन की चर्चा करते हुए उनके बताये गये मार्ग का अनुसरण करने का संदेश दिया। संस्थान की शिक्षिका अंजलि ने भी प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रागिनी, सावित्री, रिया, अंजलि के अलावा आसना एवं प्रियंका का योगदान रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया क्रिसमस



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को ईसा मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि क्रिसमस एक अनोखा पर्व है, जो ईश्वर के प्रेम, आनंद और उदधार का संदेश देता है। स्कूल के कई शिक्षको ने क्रिसमस के बारे में जानकारी दी। वहीं विद्यालय के छात्र अभिनव, पलक्ष, प्रणव, नित्य प्रताप, अनिर्बान सहित कई बच्चों ने प्रभु ईसा मसीह के जीवनी पर विस्तार से अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कुल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी, शिक्षक एपी द्विवेदी, एके लाल, एके घोष, अशोक शर्मा, जीएसपी शर्मा, प्रेमसागर, आभा खन्ना सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## लपरा, मायापुर और हुटाप पंचायत के गांवों पेशा कानून को लेकर ग्रामसभा आयोजित

मैकलुस्कीगंज। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा, मायापुर, तुमांग, हुटाप पंचायत पेशा कानून को लेकर पंचयत के गांवों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। हेसालोंग ग्राम में शिव मंदिर प्रांगण ग्राम प्रधान रविन्द्र मुंडा की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित किया गया।ग्राम सभा में मुखिया पुतुल देवी, पंचायत सेवक रिशु कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे। वही तुमांग के करकट्टा बस्ती में ग्राम प्रधान गणेश पाहन की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गयी। ग्राम सभा में मुखिया संतोष कुमार महली सहित कई लोग मौजूद थे।

## साहेदा घाट से अज्ञात युवक का शव बरामद

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली थाना अंतर्गत ग्राम हलमाद के साहेदा घाट से सिल्ली पुलिस ने मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार शव को ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया। सिल्ली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पुछताछ के दौरान किसी ने शव की पहचान नहीं कर पाई। ग्रामीणों का कहना है की शव की हत्या कर नदी में फेक दिया गया है सिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान सिल्ली पुलिस ने शव को मंगलवार की शाम जब्त कर थाना ले आया गया, और बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा।

# निर्माण के नाम पर सड़कों पर बोल्डर डालकर छोड़ दिया ठेकेदारों ने, पैसे के अभाव में बंद है काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में मजबूतीकरण के नाम दर्जनों सड़कों पर संवेदकों ने बड़े-बड़े बॉल्डर डालकर छोड़ दिया। इसके कारण आये दिन दो पहिया वान चालक और साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पिछले तीन महीनों से लगभग निमार्णाधीन सभी सड़कों का यही हाल है। अक्टूबर महीने में इन सड़कों के मजबूतीकरण का काम अलग-अलग संवेदकों द्वारा शुरू किया गया। ठेकेदारों ने सड़कों को खोदकर बॉल्डर डालकर छोड दिया। पिछले तीन महीनां से सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। तोरपा से जरियागढ़, एरमेरे से ईचा, दियांकेल से बडरूटोली, कतारी मोड़ से सुदारी सहित खूटी, तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है।

तोरपा प्रखंड के ईचा गांव के रहने वाले दीपक गुप्ता, चमन महतो, सूरज महतो, दियांकेल गांव के सुमिज सोय, बडरूटोली गांव के माइकल फ्रांसिस धान और शांता सिंह कहते हैं कि स्ड़कों के निर्माण कार्य बंद होने से लोगों को खासकर स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बड़े-बड़े बॉल्डर डालकर छोड़ दिये जाने से बाइक सवारों और साइकिल चलाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आये दिन लोग दुर्घटना में घायल हो रहे है।। लोगों का कहना है कि विधायक को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि बहुत जल्द वे विधायक को ज्ञापन सौंपकर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग करेंगे।

### जल्द पूरा हो निर्माण कार्य : संतोष जयसवाल

सड़कों के अधूरे निर्माण कें संबंध में भाजपा प्रदेश कारूसमिति सदस्य संतोष जयसवाल ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि सड़कों को अधूरो क्यों छोड़ दिया गया है। एदि पैसे के अभाव में काम ठप है, तो आखिर रकम गई कहां? उन्होंने कहा कि सरकार की गलती का खमियाजा आखिर जनता क्यों भुगते।

### फंड के अभाव में बंद है निर्माण कार्य: कार्यपालक अभियंता

विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सड़कों के अधूरे निर्माण के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता सुशील झा कहते हैं कि फंड के अभाव में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। अभी कहना मुश्किल है कि विभाग को रकम कब मिलेगी। उन्होंने कहा कि पैसा मिलते ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–79/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.01.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Paved Approved Road and Street Light Between Old Directorate Building State Malaria and State Leprosy to Black Top Road at NHM Campus Namkum Ranchi | 2446050 | 49000 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation of LDC Qtr No-02 at NHM Campus, Namkum Ranchi | 1197450 | 24000 | 2500 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 342826 (Building)24-25*D

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में मंगलवार को वार्षिक प्रदर्शनी आयोजित हुई। जिसमें कला, शिल्प, विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही रंगीन खाद्य महोत्सव भी हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से आधुनिक विज्ञान और तकनीक से संबंधित प्रोजेक्ट्स जैसे प्रदूषण, सौर ऊर्जा, रोबोटिक्स कृषि उपकरण और चार धाम, हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी, हाइड्रोइलेक्ट्रिक ब्रिज, आंखों और मस्तिष्क का कार्य, ड्रिप इरिगेशन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक प्रोजेक्ट्स तैयार किए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रदेश भाजपा के लीगल सेल से अधिवक्ता ज्योति आनंद व अनूप कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों के प्रोजेक्ट्स को देखकर प्रभावित हुए। छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, स्कूल के निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने और उनकी वैज्ञानिक सोच को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया था। वहीं खाद्य महोत्सव में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए गए, जो बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा सराहे गए। मौके पर प्राचार्य सोनम प्रसाद, शिक्षिका प्रेमिका लकड़ा, स्वेता कुमारी, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी, राज कूपर, संध्या साहू, अविनाश पांडेय, पोला बनर्जी, संजय साहू, प्रकाश साहू, स्वेता साहू, ब्रजेश साहू, राजेश साहू आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी के पिता के श्राद्ध कर्म

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के मिश्रा टोली निवासी समाजसेवी सह भाजपा कार्यकर्ता हलधर मिश्रा के दिवंगत पिता अखिलेश्वर मिश्रा के श्राद्ध कर्म सह ब्राह्मण भोज में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर खिजरी विस के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह भी पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों ने बताया कि अखिलेश्वर मिश्रा लंबे समय से बीमार थे और इलाज के लिए उन्हें रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 12 दिसंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। इस दौरान मिश्रा परिवार के मुरलीधर मिश्र, हलधर मिश्र, उपेंद्र नाथ मिश्र, बालकृष्ण मिश्र, अमित मिश्र, गिरिधर मिश्र, चक्रधर मिश्र, श्रीधर मिश्र, अरुण मिश्र सहित पूरे परिवार ने आगंतुकों का स्वागत किया।

## सीएनआइ चर्च में क्रिसमस पर झूमे मसीही

**इटकी (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन के समीप मुख्य सीएनआई चर्च में मंगलवार की शाम 5.30 बजे से विशेष अराधना के साथ क्रिशमस अनुष्ठान शुरू हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में मसीही विशेष अराधना के लिए चर्च पहुंचे। सीएनआई चर्च के मुख्य पुरोहित एन कंडुलना ने पवित्र ग्रंथ बाईबल अधारित मसीहियों को वाध्ययंत्रों के धुन पर विशेष अराधना कराया। प्रवेश गीत, सुसमाचार पाठ, उपदेश, दान अर्पण गीत, विश्वास वचन सहित कई कार्यक्रम देर रात तक चलती रही। 25 दिसंबर (बुधवार) की सुबह सात बजे विशेष प्रार्थना, खीस्त जन्मोत्सव, पवित्र प्रभु भोज सहित कई अनुष्ठान पूरा किया जायेगा। इसके बाद सहायक पादरी जकरियस तिर्की द्वारा आशिश वचन देंगे। इधर रानीखटंगा, टुरुगुरु, कुन्दी, इटकी, सियार टोली, मकुन्दा, कुर्गी, मलार, सेमरा आदि गांवों के चर्चों में भी विशेष जागरण व अराधना अनुष्ठान पूरा किया गया।

## पेसा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवगांव पंचायत सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय पेसा से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया दुर्गा उरांव ने पेशा कानून से संबंधित जानकारियां दी। कहा कि जिस उद्देश्य से पेसा कानून को लागू किया गया है उसे उद्देश्य को हमें जानना जरूरी है, ताकि हम अपने अधिकार को जान सके। पेसा कानून में अनुसूचित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए ग्राम विधानसभाओ के माध्यम से सामुदायिक संसाधन जैसे जमीन, खनिज संपदा, लघु वनोपज की सुरक्षा और जमीन, खनिज संपदा, लघु वनोपज की सुरक्षा एवं संरक्षण का अधिकार प्राप्त हो जाता है। यानी प्राकृतिक संसाधनों पर उनके अधिकार को भी स्वीकार करता है। पेशा कानून का 24 दिसंबर 1996 में आदिवासी बहुल क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र कहा जाता है। इस मौके पर देवगांव पंचायत सचिव महेंद्र साहू, रोजगार सेवक अनिल हीरो, पंसस पूनम टोप्पो, उप मुखिया प्रतिमा खेस, जल सहिया रीना देवी, रंथी कच्छप, प्रतिमा खेस, गणेश उरांव, भारती देवी, राजकुमारी एक्का, दशरथ उरांव, ग्राम प्रधान करमा उरांव, ग्राम प्रधान मंचू उरांव, एतवा उरांव (ग्राम प्रधान), नंदवा पहान, बसंत लोहरा, सीएस सी संचालक मुन्ना महतो आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में पेसा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय में मंगलवार को मुखिया सुशांति भगत की अध्यक्षता में पेसा दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 13 जिलों में पेसा के तहत होने वाले तृस्तरीय पंचायती व्यवस्था पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। वहीं कार्यशाला में शामिल पूर्व उप प्रमुख सह केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के सह सचिव धनंजय कुमार राय व मुखिया सुशांति भगत ने एक स्वर से पेसा कानून के तहत मिलनेवाली सभी लाभ लाभुकों को देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पेसा कानून से जब इन क्षेत्रों में हक व अधिकार सुरक्षित हो जायेंगे तब राज्य के 13 जिलों के क्षेत्र विकास की गंगा बहेगी। यह वही कानून है जिससे इन क्षेत्रों में 12वें से से 15वें वित्त आयोग का गठन किया गया है। इसी कानून के तहत ग्राम सभा को विशेष अधिकार दिया गया। साथ ही जल जंगल जमीन पर पूर्ण अधिकार प्रदान किया गया। इसके बावजूद अबतक किसी भी दल की सरकारों ने यह अधिकार प्रदान नहीं किया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि न्यायालय ने भी पेसा कानून का संपूर्ण अधिकार ग्रामसभा व स्थानीय पारंपरिक व्यवस्था में पड़हा व्यवस्था, मांझी परगनईत व डोकलो सोहोर आदि को सौंपने की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि पेसा कानून का सम्पूर्ण अधिकार मिलने पर पंचायत का विकास तेजी से होगा। मौके पर उप मुखिया संतोष दास, ग्राम प्रधान विनोद उरांव, बिरसा पहान, विजय भगत, वार्ड सदस्य हीरा उरांव, अंजलि मिंज, पूनम देवी, मंगल तिर्की, अमित एक्का, सुशील भगत व पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

### चर्च में प्रभु यीशु के जन्म उत्सव पर फादर ने सुनाया संदेश

# एक-दूसरे से प्रेम करें, सुख-दुख बांटें

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम के आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं करांजी गांव में आकर्षक चरनी बनाई गई है। जहां बिजली बल्ब, रंग बिरंगे लड्डूओं व रंगीन झालर से चर्च की शोभा बढ़ा रहे हैं। गिर्जाघर व परिसर में बने चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन होगा। वहीं दिघिया चर्च परिसर में मंगलवार की रात चर्च में प्रभु के जन्म उत्सव के अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर विंसेंट मिंज द्वारा चरनी की आशीष, फादर खोया द्वारा अनुष्ठान, मिस्सा फादर रेमन तोबियस की ओर से उपदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर फादर रोबर्ट मिंज व फादर परम दयाल खेस मौजूद थे। वहीं, सिस्टर प्रतिमा लकड़ा की अगुवाई में वेदी का श्रृंगार किया गया। पाठ निशा कुजूर व संजीव टोप्पो ने किया। चरनी ब्रदर ब्रेकमन्स व उनके सहयोगी गीत का संचालन आरसी बालक मध्य विद्यालय, संत पीयूष व संत अन्न उच्च विद्यालय, संत मरिया मध्य विद्यालय व लिवंस एकेडमी के स्टाफ द्वारा किया गया। प्रार्थना पूजन के बाद रात में फादर ने लोगों को प्रभु का संदेश सुनाया। उन्होंने लोगों से एक दूसरे से प्रेम करते हुए एक दूसरे का दुख दूर करने की बात कही। लोगों ने चर्च में कैंडल जलाया और प्रभु का आशीष प्राप्त किया। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू, सुशील तिर्की, बसंत मिंज, सिस्टर पौलिना, अलमा एलिजाबेथ, दिव्या, ऐना माता प्रबला, निर्मला ज्योति और देवनिश तिग्गा आदि ने सराहनीय योगदान दिया।



प्रभु यीशु के जन्मोत्वस सजायी गयी चरनी।

## गोपाल तिवारी कांके विस के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** विधायक सुरेश बैठा ने गोपाल तिवारी को कांके विधानसभा क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। विधायक ने इससे संबंधित पत्र डीसी, डीडीसी, एसएसपी, डीएसपी खलारी, विधानसभा क्षेत्र के सभी बीडीओ और सीओ को भी प्रेषित किया है। वहीं, इनके मनोनयन पर गुलाम अहमद मीर, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप यादव, दीपिका पाण्डेय, लक्ष्मीनारायण तिवारी, जाकिर हुसैन, सदन कुमार, एडवोकेट सरफराज अहमद, भोला साहू दिव्यांशु नायक,खलारी प्रखंड अध्यक्ष सज्जाद अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू आदि ने बधाई दी है। साथ ही रांची जिला ग्रामीण लिगल सेल अध्यक्ष अधिवक्ता सरफराज अहमद ने कहा कि विधायक सुरेश बैठा जी ने गोपाल तिवारी जी को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत कर दूरदर्शिता का परिचय दिया है। गोपाल तिवारी के कांके का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत होने से पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा।

## पांच महीना बाद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नहीं दी सूचना

**सूचना अधिकार अधिनियम की उड़ायी जा रही धज्जियां**

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुड़ू निवासी अशोक कुमार ने रातू गुड़ू गडरी कृषक उच्च विद्यालय से संबंधित सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी से छह मई को आवेदन देकर 54 बिंदु में सूचना मांगी थी। पर एक महीना बीत जाने के बाद भी उन्होंने सूचना उपलब्ध कराना जरुरी नहीं समझा। जवाब नहीं मिलने पर अशोक ने प्रथम अपील करते हुए क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दक्षिणी-छोटानागपुर प्रमंडल रांची को आवेदन देकर सूचना उपलब्ध कराने का आदेश सह प्रथम अपीलीय पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग की।

## लिटिल हैंड्स प्ले और विद्यासागर पब्लिक स्कूल में क्रिसमस उत्सव का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सांई मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में मंगलवार को प्री क्रिसमस उत्सव मनाया गया। छात्रा पूनम मोदक ने संता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां बांटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यहां छोटे-छोटे बच्चों ने खूब मस्ती की। वहीं, प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने बच्चों को बताया कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत सारे धर्म के लोग एक साथ रहते है। बच्चों को हर धर्म के बारे में जानकारी होनी चाहिए। विद्यालय ही एक ऐसी जगह है जहां बच्चों को हर धर्म के बारे में बिना भेद-भाव के बताया जाता है। वहीं निदेशक सुभद्रा सिंह ने कहा कि यह त्योहार हमें आपस में प्रेम करना सिखाता है। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में नीलम शर्मा, रचिता बड़ाईक, सलोनी व सुनीता की भूमिका सराहनीय रही। दूसरी ओर, बेड़ो एवं मुरतो विद्यासागर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांता क्लाज के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुरतो शाखा की प्रधानाध्यापिका सुषमा तिर्की ने क्रिसमस के बारे में बताया एवं बच्चों को सदैव खुश रहने की बात कही।

## सीआइटी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'वर्चस्व' का समापन, विजेता सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'वर्चस्व' का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि कैंब्रिज ट्रस्ट के सचिव अभिषेक सिंह ने विजेताओं को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी और रिले रेस जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल भावना में हार-जीत सामान्य है। पराजय को कभी भी निराशा का कारण नहीं बनाना चाहिए। स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो प्रशांक मनी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन और सीखने का अद्भुत अवसर रहा। छात्रों ने खेल के हर पल का भरपूर आनंद लिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने जीत का जश्न मनाने के लिए जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप-प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, अशोक सिंह, विजय शंकर सिंह, सुनीता नाथ, संगीता सिंह, डॉ. शालिनी सिंह और प्रो दीपक कुमार आदि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

### पेसा कानून दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# झारखंड में पूर्ण रूप से जल्द से जल्द लागू किया जाये पेसा कानून : अनिता

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत बरवे पंचायत सचिवालय में पेसा कानून के बारे जागरूक करने एवं जानकारी देने के लिए मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान सह ग्राम प्रधान महासंघ झारखंड के रमेश उरांव ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुखिया, वार्ड सदस्य, पंसस, उप मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक एवं ग्रामीणों को पेसा कानून से संबंधित सभी तरह की जानकारी दी। कहा कि पेसा कानून भूरिया कमेटी के सिफारिश पर 24 दिसंबर 1996 को लागू हुआ है। जिसमें देश के 10 राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों में लागू है। इस कानून के तहत यह प्रावधान है कि अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा की अध्यक्षता सिर्फ पारंपरिक ग्राम प्रधान मानकी, मुंडा आदि ही कर सकते हैं। निर्वाचित मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य व्यक्ति द्वारा ग्राम सभा की अध्यक्षता नहीं की जा सकती है। गैर अधिसूचित क्षेत्र में निर्वाचित मुखिया ग्राम सभा की अध्यक्षता कर सकते हैं। हालांकि झारखंड में पूर्णता पेसा कानून अभी तक सरकार लागू नहीं कर पाई है। जबकि सुप्रीम कोर्ट एवं झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को इसे शीघ्र लागू करने का निर्देश दिया गया है। सरकार से मांग है कि जल्द ही झारखंड में पूर्णतः पेसा कानून लागू कराई जाए। वहीं, रमेश उरांव ने ग्रामसभा को कैसे सशक्त किया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभावित किया जाए इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर मुखिया अनीता लिंडा, ग्राम प्रधान कमल मुंडा, पंचायत सचिव राहुल कुमार, रोजगार सेवक शैलेंद्र कुमार, पंसस संगीता देवी, वार्ड सदस्य सोना लाल महतो, किरण देवी, योगिता देवी, अरविंद महतो, राजेश नायक, सूरज उरांव, संजय नायक, संतोषी देवी और शमशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।




## कांके के बोड़या गांव में चिकित्सक की खाली पड़ी जमीन पर दबंगों का कब्जा



**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल व थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़या के बोड़या रोड स्थित बैंक कॉलोनी (वृंदावन कॉलोनी) में बिहार के मुंगेर में पदस्थापित चिकित्सक डॉ रोशन की चार कट्टा जमीन है। यह जमीन वर्ष 2007 में उनकी मां द्रोपदी कुमारी ने खरीदा था। इस पर पूरी तरह से चाहरदिवारी कर लोहे का गेट लगाकर बोरिंग करवा रखी थी। इस पर चिकित्सक के परिवार द्वारा घर बनाने के लिए रांची नगर निगम में नक्शा पास करने के लिए आवेदन भी दे दिया गया है। इस जमीन को बैंक कर्मचारी गृह निर्माण स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बोड़या रांची कोऑपरेटिव सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी मोहन जी दुबे कडरू रांची निवासी ने बिक्री की थी। इसी बीच पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनकी जमीन पर बैंक कर्मचारी निर्माण कोऑपरेटिव सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी मोहन जी दुबे और उनके द्वारा रखे हुए दबंग बदलू, रामकिशन आदि लोगों ने जमीन की चाहरदिवारी, गेट और बोरिंग तोड़ दिया है। इस पर नया निर्माण कार्य कर रहे हैं। चिकित्सक डॉ रोशन ने बताया कि सूचना मिलने पर मंगलवार को अपनी जमीन पर जाकर देखा तो उनके द्वारा निर्माण की गई चाहरदिवारी, बोरिंग और लोहे का गेट तोड़ दिया गया है। उस पर नया चारदीवारी का निमार्ण मोहन जी दुबे, रामकृष्ण और अन्य लोगों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने इसकी सूचना कांके थाने को दी है। इस जमीन का दाखिल खारिज भी 28 अगस्त 2012 को हो चुका है। लगान रसीद भी लगातार निर्गत हो रही है। उन्होंने पुलिस, चिकित्सकों के संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रांची शाखा सहित वरीय पुलिस अधीक्षक से अपनी जमीन को बचाने की गुहार लगाई है। डॉ रोशन ने कहा कि वे लगातार बाहर रहते हैं, जिसका फायदा उठाते हुए उनकी जमीन पर दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस दिन खबर पाकर अपनी जमीन पर चल रहे कार्य को रोकने की कोशिश की, तो दबंगों ने हमला करप दिया। जान से मारने की भी धमकी दी है। इस संबंध में मोहन जी दुबे से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## प्रशिक्षुओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बनखेता, चुटुपालू, रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया, विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर सिंह और आइक्यूएसी और एनएसएस कोर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बीएड सत्र 2023-25 और 24-26 के प्रशिक्षुओं ने संगीत शिक्षक रविरंजन मिश्रा के नेतृत्व में नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने सत्र 2022-24 से सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बालिका वर्ग में प्रथम प्रीति कुमारी, द्वितीय सुचिता कोंगरी और बालक वर्ग में मिथलेश कुमार महतो ने प्रथम और विकेश कुमार रवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने प्रशिक्षुओं को रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन में हर एक प्रशिक्षु को संबोधित करते हुए बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर सिंह, आइक्यूएसी कोर्डिनेटर अभिषेक पांडेय सहित शिवानी, सुनीति बाला चंद्रा, आकांक्षा सिंह इत्यादि व्याख्याता और सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## गेतलसूद में 46वां केंद्रीय किसान मेला का आयोजन 30 और 31 जनवरी को

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसुद में प्रति वर्ष लगने वाले केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेला के सफल आयोजन को लेकर गेतलसूद प्रत्येक्षण फॉर्म में विभिन्न विवेकानन्द सेवा संघ, स्वयं सेवी संस्थान एवं विवेकानन्द सेवा केंद्र के सदस्यों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने की। बैठक में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि 30 व 31 जनवरी 2025 को 46वां केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन गेतलसूद प्रक्षेत्र फॉर्म अनगड़ा में किया जाएगा। इस बार मेला का थीम 'प्राकृतिक संसाधन द्वारा आय सृजन' है। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय किसान मेला समिति का पुनर्गठन किया गया।

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Notice No.:- 380 Date :- 24.12.2024

**Important Notice**

With reference to the Advertisement Number- Net Appointment- Regular 02/2024 published by Netarhat Vidyalaya Samiti for teachers recruitment, the authority has shortlisted candidates as per the rules and regulations mentioned in the advertisement. The list of shortlisted candidates for written examination (phase 2) is available on the school website. The written examination is going to be held on 19/01/2025 in Ranchi. The details about Examination centre, time and other informations will be made available on the school website one week prior to the date of examination.

Sd/-
**Principal,**
Netarhat Residential School,
Netarhat.

PR 342740 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।**
(सामान्य शाखा)

**–: आवश्यक सूचना :–**

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक–963/सा0, दिनांक–07.08.2024 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में दिनांक–20.12.2024 को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची www.hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर दिनांक 22.12.2024 को प्रकाशित किया गया।

कई अभ्यर्थियों द्वारा प्रकाशित सूची में कतिपय बिन्दुओं पर आपत्ति की गयी है। जिसके आलोक में आज दिनांक 23.12.2024 को चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रकाशित परीक्षाफल को तत्काल प्रभाव से त्रुटि निराकरण हेतु हॉल्ड (Hold) पर रखा जाता है। साथ ही दिनांक 26.12.2024 को कर्जन मैदान, हजारीबाग में आयोजित शारीरिक जाँच एवं दौड़ की अगली तिथि की सूचना त्रुटिनिराकरण के उपरान्त परीक्षाफल के प्रकाशन के बाद किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 342816 (District) 24-25 (D)

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# संघ प्रमुख का अहम संदेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को अमरावती में एक कार्यक्रम के दौरान जो कुछ कहा, वह बात हालिया घटनाओं की रोशनी में खासी अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना अच्छी बात है, लेकिन जगह-जगह मंदिर के विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। संघ प्रमुख के इन बयानों के पीछे छिपी गंभीर चिंता को समझे जाने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने बिल्कुल ठीक कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका रहती है। कब धर्म की उदार वृत्ति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढक लेती है, यह कई बार समझ में नहीं आता। भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में देखा जाये, तो बांग्लादेश में हाल के सत्ता परिवर्तन ने कैसे समाज को कट्टरपंथी तत्वों के चंगुल में ला दिया, यह सबके लिए सबक हो सकता है। ऐसे उदाहरण दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलते हैं। एक धर्म विशेष के नाम पर पिछले कुछ दशकों में दुनिया भर में आतंकवाद का जैसा खौफनाक अभियान चला, उसे उस धर्म की सही समझ का उदाहरण कतई नहीं माना जा सकता। लेकिन संघ प्रमुख की बातें सिर्फ दूसरे देशों के संदर्भ में नहीं कही गयी हैं। धर्म की गलत व्याख्या के कारण ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल का अजेंडा पीछे छूटने का खतरा अपने देश में भी कम नहीं है। इसी खतरे की ओर संकेत करते हुए संघ प्रमुख ने कहा है कि जगह-जगह मंदिर का विवाद खड़ा करना ठीक नहीं है। विविधताएं हमारा वर्तमान तो हैं ही, ये हमारे अतीत का भी हिस्सा रही हैं। अलग-अलग धर्म, संस्कृति से जुड़े लोग यहां आते रहे, शुरुआती मतभेद और कड़वाहट दफन करते हुए विशाल भारतीय संस्कृति में घुलते-मिलते रहे, तभी इन विविधताओं के बीच एकता के मजबूत सूत्र विकसित हुए। देश भर में ऐसे हजारों श्रद्धाकेंद्र हैं, जहां एक से अधिक धर्मों के चिह्न, संकेत, सबूत ढूंढे जा सकते हैं। इस आधार पर वर्तमान में विवाद खड़ा करना हमें कहीं नहीं ले जायेगा। इसी खतरे से बचने के लिए कानून के जरिए यह तय किया गया कि देश की आजादी के वक्त जिस पूजा स्थल का जैसा स्वरूप था, उसे अंतिम मान लिया जाये। अब चाहे जिस किसी भी बहाने से ऐसे विवाद खड़े किये जाये, वे सामाजिक समरसता के लिए ठीक नहीं होंगे और देश के विकास में बाधा बनेंगे।

**बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना अच्छी बात है, लेकिन जगह-जगह मंदिर के विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। संघ प्रमुख के इन बयानों के पीछे छिपी गंभीर चिंता को समझे जाने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के निर्देश पर 14 जनवरी 1984 (मकर संक्रांति) को पलामू के बेतला नेशनल पार्क में छोटानागपुर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वनांचल राज्य की मांग को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम करने और अलग राज्य लेने का संकल्प लिया गया। अटल बिहारी वाजपेयी छोटे राज्यों के पक्षधर थे।**

# हमने बनाया हमहीं संवारेंगे

**अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर विशेष**

**डॉ अमरदीप यादव**

19वीं सदी के शुरुआती दशक में संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से शुरुआत होने वाले अलग झारखंड राज्य की मांग में हुए आंदोलन में हजारों विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों समेत कई क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभायी। इस संघर्ष में सैंकड़ों घायल हुए, जेल गये, कई शहीद हुए। उन सबका योगदान अविस्मरणीय और अतुलनीय है।

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संवेदनशीलता और अटल इरादों ने आंदोलनकारियों के दशकों पुरानी मांग को संकल्प से सिद्धि तक पहुंचाया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के निर्देश पर 14 जनवरी 1984 (मकर संक्रांति) को पलामू के बेतला नेशनल पार्क में छोटानागपुर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं की बैठक इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वनांचल राज्य की मांग को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम करने और अलग राज्य लेने का संकल्प लिया गया। अटल बिहारी वाजपेयी छोटे राज्यों के पक्षधर थे।

27 सितंबर 1992 को तात्कालिक मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कहा झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। उनके इस बयान के विरोध में आंदोलनकरियों ने पूरे राज्य में विरोध, प्रदर्शन और पुतला दहन किया और कई जिलों में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया कई गिरफ्तार हुए कई लोगों को जेल भेजा गया।



**25 अप्रैल 2000 को बिहार राज्य पुनर्गठन विधयक को स्वीकृति प्रदान की गयी। 2 अगस्त को लोकसभा और 11 अगस्त 2000 को राज्यसभा में बिहार राज्य पुनर्गठन बिल पारित किया गया। 25 अगस्त को राष्ट्रपति के आर नारायणन ने हस्ताक्षर किया। 15 नवंबर को झारखंड भारत के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।**

1994 में वनांचल भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाया गया। उन्होंने नेतृत्व में पांच वर्षों तक वनांचल भाजपा के बैनर तले अलग राज्य के लिए विविध कार्यक्रम चलते रहे।

1998 में में पिछड़ा राज्य पुनर्गठन विधयक तैयार कर स्वीकृति के लिए बिहार सरकार को भेजा जिसे राज्य सरकार ने विधानसभा में नामंजूर कर दिया। 1999 में केंद्र में भाजपा नेतृत्व की सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। 9 फरवरी 2000 में जमशेदपुर के साकची स्थित बारी मैदान में विधानसभा चुनाव के लिए आयोजित सभा को सम्बोधित किया। उनके साथ मंच पर तत्कालीन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रघुवर दास, जमशेदपुर सांसद आभा महतो भी मौजूद थीं।

उसी दिन सुबह शहर के जुबली पार्क में एक व्यवसायी की हत्या हुई थी, अटल जी ने कहा था कि बिहार में जंगलराज चल रहा है, कोई सुरक्षित नहीं है। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को अलग वनांचल राज्य बनाने की मुहिम तेज करने का निर्देश दिया। उस समय संयुक्त बिहार के झारखंड क्षेत्र से यशवंत सिन्हा, रीता वर्मा, बाबूलाल मरांडी, कड़िया मुंडा केंद्रीय मंत्री बने थे।

झारखंड से जीते सांसदों ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक पत्र लिखा, जिसमे कहा गया था कि चुनाव प्रचार के दौरान जब आप रांची आये थे, तो मोराबादी मैदान में कहा था कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है, और इस क्षेत्र से अधिक सांसद जीते तो अलग राज्य देंगे।

प्रधानमंत्री जनता ने आकांक्षाओं को पूरा किया, जनभावना की कद्र करें। अलग राज्य का बिल संसद में अगले सत्र में नहीं लाया जाता है तो हम सभी सांसद सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। पत्र में कड़िया मुंडा, रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो, दुखा भगत, लक्ष्मण गिलुआ, यशवंत सिन्हा, बाबूलाल मरांडी और रीता वर्मा आदि ने हस्ताक्षर किये थे। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से इस मामले में अपने कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से बात किया। सांसदों ने कहा कि यह मात्र एक पत्र नही जनता की गुहार है, आप अलग राज्य गठन का निर्णय लें। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा हम जनता की इच्छा पूरा करेंगे।

25 अप्रैल 2000 को बिहार राज्य पुनर्गठन विधयक को स्वीकृति प्रदान की गयी। 2 अगस्त को लोकसभा और 11 अगस्त 2000 को राज्यसभा में बिहार राज्य पुनर्गठन बिल पारित किया गया। 25 अगस्त को राष्ट्रपति के आर नारायणन ने हस्ताक्षर किया। 15 नवंबर को झारखंड भारत के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। रात 1 बज कर 5 मिनट पर बाबूलाल मरांडी को प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। झारखंड राज्य गठन में उनका योगदान राज्यवासी हमेशा याद करेंगे। झारखंड के सर्वांगीण विकास में उनके विचारों और सिद्धांतों को विरासत के रूप में संगठन-शासन पद्धति में अपनाने और हरा भरा वन, स्वर्ग जयसन सुंदर, सबसे सुखी संपन्न, हमर सोना और हीरा झारखंड को सहेजने और संवारने की जरूरत है। हर दौर की राजनीति में अटल बिहारी जैसे दूरदृष्टि, अटल इरादा के स्वामित्व और उदार व्यक्तित्व की जरूरत हमेशा है।

बाधाएं आती हैं आयें, घिरें प्रलय की घोर घटायें,
पांवों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालायें,
निज हाथों से हंसते-हंसते, आग लगाकर जलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।
उद्यानों में, वीरानों में, अपमानों में, सम्मानों में,
उन्नत मस्तक, उभरा सीना, पीड़ाओं में पलना होगा!
कदम मिलाकर चलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।

**(लेखक : भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष है।)**

## देश-विदेश की खबरें

## चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

# कांग्रेस ने याचिका लगायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था।



याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को रमेश ने कहा था- चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जायेगी।

**चुनाव आयोग ने कानून में नियमानुसार शब्द जोड़ा**

चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2) (अ) में बदलाव किया है। नियम 93 कहता है कि 'चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे।' इसे बदलकर 'चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज नियमानुसार पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे' कर दिया गया है।

**पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले की वजह से बदला नियम**

अधिकारियों ने बताया था कि एआइ के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगायी गयी है। हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकाड्र्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं।

दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है। इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए नियम में बदलाव किया गया है।

## गुजरात में पटरी से उतरी सौराष्ट्र एक्सप्रेस

**गुजरात (आजाद सिपाही)।** दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस के इंजन के अगल में लगे एक गैर-यात्री कोच (वीपीयू) के पहिए पटरी से उतर गये। जिसके बाद ट्रेन गयी। हालांकि हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने हादसे के बारे में बताया कि ट्रेन ने 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस, 15:32 बजे किम स्टेशन से रवाना हुई, इंजन के बगल में लगे एक गैर-यात्री कोच के 4 पहिए पटरी से उतर गये मरम्मत का काम जारी है और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। ट्रेन में सवार किसी भी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है। दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस के बेपटरी होने के बाद ट्रेनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। राहत और मरमत का कार्य जारी है। सीपीआरओ/ डब्लयूआर विनीत अभिषेक ने बताया, रिस्टोरेशन का कार्य जारी है।

# एंटी करप्शन कमीशन ने शेख हसीना पर 42,600 करोड़ गबन का आरोप लगाया

**बेटे-बहन और भतीजी को भी बनाया आरोपी, एंटी करप्शन कमीशन ने जांच शुरू की**

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की परेशानियां खत्म होने के नाम नहीं ले रही हैं। मोहम्मद यूनुस की सरकार लगातार उनके खिलाफ नए आरोप लगा रही है। अब बांग्लादेश में एंटी करप्शन कमीशन ने हसीना और उनके परिवार के खिलाफ करीब 42,600 करोड़ रुपये (5 बिलियन डॉलर) गबन की जांच शुरू की है।



ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक हसीना पर आरोप है कि उन्होंने राजधानी ढाका से 160 किमी दूर रूपपुर में रूस द्वारा डिजाइन किये गये न्यूक्लियर पावर प्लांट में यह गबन किया था। रूस की सरकारी कंपनी रोसाटॉम द्वारा बनाये जा रहे इस प्लांट में भारतीय कंपनियों की भी हिस्सेदारी है।

**गबन की रकम को मलेशिया ट्रांसफर करने का आरोप**

हसीना के खिलाफ जांच शुरू करने का फैसला तब किया गया जब बांग्लादेशी हाई कोर्ट ने कुछ दिन पहले एसीसी से पूछा था कि इस मामले में आपकी निष्क्रियता को क्यों अवैध घोषित न किया जाए?

इस मामले में शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय, बहन रेहाना और भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन्होंने गबन की रकम को मलेशियाई बैंक में ट्रांसफर किया था।

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक ट्यूलिप सिद्दीक, शेख रेहाना और अन्य लोगों को कमीशन के तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग की रकम का 30% मिला था। शेख हसीना फिलहाल भारत में रहती हैं, जबकि उनका बेटा अमेरिका में है और उनकी भतीजी ब्रिटेन में हैं। हालांकि शेख रेहना के बारे में अभी कोई कंफर्म जानकारी नहीं है।

# पटना में मार्च निकाल रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश के पहले कानून मंत्री डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर संसद के शीतकालीन सत्र में दिये बयान के विरोध में बिहार कांग्रेस की तरफ से प्रदेश की राजधानी पटना में जोरदार प्रदर्शन किया गया। पार्टी ने इस विरोध प्रदर्शन को अपमान मार्च नाम दिया। इस प्रदर्शन की अगुवाई कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने किया। सबसे पहले अखिलेश सिंह की अगुवाई में शहर के यारपुर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इसके बाद विधानसभा स्थित सतमूर्ति तक प्रदर्शन करने का ऐलान किया। हालांकि पुलिस ने मार्च को सतमूर्ति तक जाने से पहले रास्ते में ही रोक लिया। जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता यारपुर के पास बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गये।



कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि दमनकारी सरकार, विरोध करने वालों का दमन ही करती है। हम लोग शांतिपूर्वक मार्च निकाल रहे थे। हम गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है।

# डेनमार्क के ग्रीनलैंड पर कंट्रोल चाहते हैं ट्रंप

## कहा, नेशनल सिक्योरिटी के लिए यह जरूरी

**ग्रीनलैंड बोला हम बिकाऊ नहीं और न कभी होंगे**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने शपथ ग्रहण से पहले लगातार अपने सहयोगी और पड़ोसी देशों को परेशान करने वाले बयान दे रहे हैं। एनवाइटी के मुताबिक ट्रम्प ने सोमवार को ग्रीनलैंड को अमेरिकी कंट्रोल में लेने की बात कही। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नेशनल सिक्योरिटी और पूरी दुनिया में आजादी के लिए अमेरिका को लगता है कि ग्रीनलैंड पर हमारा कंट्रोल बेहद जरूरी है। ग्रीनलैंड उत्तरी अटलांटिक महासागर में मौजूद एक आईलैंड है। यह डेनमार्क के कंट्रोल वाला एक स्वायत्त क्षेत्र है। जिसका अपना प्रधानमंत्री होता है।

**ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने ट्रंप को जवाब देते हुए कहा**

ग्रीनलैंड हमारा है। हम बिकाऊ नहीं हैं और न कभी बिकाऊ होंगे। हमें आजादी के लिए अपने लंबे संघर्ष को नहीं खोना चाहिए।

# दुनिया के सबसे एक्टिव ज्वालामुखी किलाउवे में विस्फोट, फैला लावा

**260 फीट तक उठा लावा**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के हवाई द्वीप में मौजूद दुनिया के सबसे एक्टिव ज्वालामुखी किलाउवे में सोमवार को देर रात करीब दो बजे विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद लावा 260 फीट (80 मीटर) तक ऊपर उठकर जमीन पर फैल गया। अमेरिका के ज्वालामुखी विभाग ने विस्फोट का वीडियो जारी कर सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।



यूएस जिओलोजिकल सर्वे के मुताबिक इस घटना को #HVO IZY B2cam कैमरे में कैद किया गया। यह ज्वालामुखी साल 1983 से एक्टिव है और समय-समय पर इसमें विस्फोट होते रहते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट से निकली गैस से लोगों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद निकले राख समुद्र तल से 6000-8000 फीट ऊंचाई तक उड़ रहे हैं। इसे हवाएं दक्षिण-पश्चिम की ओर ले जा रही हैं। दरार से निकलने वाला सल्फर डाइऑक्साइड वायुमंडल में मौजूद अन्य गैसों के साथ मिलकर इंसानों और जानवरों के साथ-साथ फसलों को भी प्रभावित कर सकता है। वहीं, लावा की मोटाई करीब 3 फीट है।

## वाइसीसी ने सूर्य को 34 रनों से हराया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का दूसरा मैच सूर्य तथा वाईसीसी के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वाईसीसी क्रिकेट क्लब ने 206 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें कुमार आदित्या ने 53 रनों और शुभम कुमार 41 रनों का योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सूर्य क्रिकेट क्लब की टीम ने 172 रनों पर ऑल आउट हो गया। जिसमें आनंद कुमार ने 33 रन जसवंत 27 रन बनाये, वाईसीसी ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश कुमार ने 6 विकेट, आयुष गर्ग और शुभम कुमार 2 - 2 विकेट लिए। वाईसीसी की टीम ने 34 रनों से यह मैच जीत लिया मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंश कुमार को मन ऑफ द मैच दिया गया।

# राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में एसपीडी कॉलेज की सिमरन को पेंटिंग में मिला द्वितीय स्थान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में पलामू प्रमंडल से चयनित सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा एनएसएस की छात्रा सिमरन सोनी को पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने इस प्रतियोगिता में सफल छात्रा सिमरन तथा एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा को बधाई दी है।

बधाई देते हुए प्राचार्य ने कहा है कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएसएस की गतिविधियों से एक ओर जहां छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास हो रहा है वही दुसरी ओर उन्हे अपनी कला-कौशल और हुनर प्रदर्शन के लिए मंच भी उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंर्तगत जिला स्तर से पेंटिंग में सिमरन सोनी तथा एकल नृत्य में रिया कुमारी का चयन हुआ था। पुनः प्रमंडल स्तर पर दोनो छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। उन्होंने कहा कि सिमरन सोनी हाल ही में उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में पेंटिंग प्रतियोगता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। राज्य स्तर पर 23 दिसंबर को पेंटिंग प्रतियोगिता में सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



महाविद्यालय की छात्राओं के साथ कार्यक्रम पदाधिकारी।

# एसडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं जन समस्याएं

**तेनार पंचायत की आदिवासी बहुल बस्ती बगही टोला में कैंप लगाकर समस्याएं दूर करने का बीडीओ को दिया गया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गुड गवर्नेंस सप्ताह के उपलक्ष्य में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मेराल प्रखंड की तेनार पंचायत की आदिवासी बहुल बस्ती बगही टोला में चौपाल लगा कर जन समस्याएं सुनीं, साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बोलचाल की भाषा में जानकारी दी।

इस चौपाल में एसडीओ ने मुखिया तथा पूर्व मुखिया दोनों को बुलाया था ताकि कल्याणकारी योजनाओं की धरातलीय स्थिति की सही तस्वीर सामने आ सके।

एसडीओ ने चौपाल में आये स्थानीय नागरिकों से आंगनवाड़ी, मिड डे मील, पीडीएस वितरण, चापानल, हाउसहोल्ड शौचालय उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। बस्ती के लोगों से संवाद के क्रम में बात सामने आई कि कुछ लोगों को जाति प्रमाण पत्र या दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने में दिक्कत हो रही है, प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वे पेंशन योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने मुखिया मंदीप सिंह को भी निर्देशित किया कि वे छोटी-मोटी जन समस्याओं को दूर करने तथा लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करते रहें।

**बीडीओ को कैंप लगाने का निर्देश :** संजय कुमार ने मेराल के प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के अंदर अपनी देखरेख में संबंधित पदाधिकारियों/ कर्मचारियों को इस बस्ती में भेज कर कैंप लगवा कर जन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जो छूटे हुये पात्र और इच्छुक लाभुक हैं उनके आवेदन पत्र भरवाने की प्रक्रिया पूरी करवायेंगे।

## झामुमो ने अमित शाह का पुतला दहन किया



भंडरिया (आजाद सिपाही )। भंडरिया प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के नेतृत्व में बाजार से जुलुस के सकल में देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला लेकर इंदिरा गांधी चौक पहुंचकर भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर राज्यसभा में भारत देश के द्वारा किये गये अभद्र टिप्पणी व अपमान के विरोध में मंगलवार को उनका पुतला दहन किया गया। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने कहा कि आज हम लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान हम लोग नहीं सहेंग। अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में अभद्र टिप्पणी का आज पूरे देश में विरोध हो रहा है। इस मौके पर प्रखंड मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव लॉरेंस कुजूर, इबरार अहमद अंसारी, नीलम कुजूर झारखंड मुक्ति मोर्चा उपाध्यक्ष रवि शंकर कश्यप, अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह अर्जुन मिंज यहसन अंसारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वर्तमान समय में विज्ञान का योगदान जीवन के हर क्षेत्र में : एमपी केसरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का अत्यंत आकर्षक और विस्मयकारी प्रदर्शन लगाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



अपने संबोधन में निदेशक एमपी केसरी ने कहा कि ज्ञान का विशिष्ट रूप ही विज्ञान है।समृद्धि ज्ञान और मनुष्य की सकारात्मक सोच वर्तमान युग को विज्ञान युग बना दिया है। विज्ञान जीवन का आधार बन चुका है। इसकी सहायता से मनुष्य ने अपना जीवन अत्यंत सरल व सुविधाजनक बना लिया है। विज्ञान की सदुपयोग से एक और जहां मानव कई समस्याओं को हल करने में सफल हुआ है तो वहीं दूसरी ओर इसके दुरुपयोग से न केवल मानव बल्कि अन्य प्राणियों के लिए भी नित नये संकट खड़े हो रहे हैं। विज्ञान के गुण दोष की मिली जुली ऐसी ही एक झलक विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने दिखायी। विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विज्ञान शिक्षकों ने बाल वैज्ञानिकों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती,खुर्शीद आलम, विकास कुमार, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, ज्योति अपने गणित और विज्ञान से संबंधित अनेक प्रदर्श से सजाया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, मोटर पंप, जल संरक्षण,सोलर हीटर, सोलर लाइट और प्रदूषण अन्य अनेक प्रदर्शन गये। निर्णायकों की भूमिका में विज्ञान के शिक्षक वीरेंद्र शाह, संतोष प्रसाद एवं मुकेश भारती ने की।

# आमजनों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने का दिया गया निर्देश

**अगले वित्तीय वर्ष के लिए लॉटरी के माध्यम से चार मुखिया बने पंचायत समिति सदस्य**

**वन विभाग में एक सप्ताह के अंदर क्षतिपूर्ति फार्म जमा करें कृषक**

**बलराम शर्मा**



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति तथा सुशासन सप्ताह को लेकर प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें बीडीओ सतीश भगत के द्वारा प्रखंड कर्मियों को बताया गया की पूरे एक सप्ताह तक प्रखंड में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान सभी पदाधिकारी व कर्मचारी आमजनों से प्राप्त शिकायतों व आवेदन का निष्पादन तत्परता से करना सुनिश्चित करें। अंचल के समीक्षा में सीओ यशवंत नायक द्वारा बताया गया कि अंचल में इस कुल म्यूटेशन का केस आया जिसमें 576 का निष्पादन किया गया शेष 270 का जांच चल रहा है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। उप प्रमुख निजामुद्दीन खान ने प्रखंड में चल रहे चिमनी एट भट्ठा की सूची की मांग की।

बताया गया कि पंचायत समिति मद में 77 योजनाएं ली गयी थी, जिसमें 43 पूर्ण हो चुका है शेष पर कार्य चल रहा है। अंत में 2025 वित्तीय वर्ष कैलेंडर के लिए लॉटरी के माध्यम से चार मुखिया को पंचायत समिति के लिए चयन किया गया जिसमें करकोमा, खोरीडीह, लोवादाग तथा तीसरटेटुका शामिल है।

## प्रखंड प्रमुख और लल्लू राम ने स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निर्माणाधीन आवासीय क्वार्टर की जांच की



भवनाथपुर। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी व झामुमो के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निमार्णाधीन आवासीय क्वार्टर का जांच किया। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि संवेदक द्वारा घटिया गुणवत्ता का निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इसे तत्काल रोकने का निर्देश दिया, उनका कहना था, कि स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बन रहे इन आवासीय क्वार्टर की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। कहा कि यदि जल्द से जल्द काम की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो कार्य को पूरी तरह से रोकते हुए इसकी शिकायत विधायक अनंत प्रताप देव तथा गढ़वा उपयुक्त से करने की बात कही। जबकि झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने भी संवेदक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने संबंधित विभाग से भी अनुरोध किया कि संवेदक के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। इस मौके पर मौके पर विनोद सिंह, दीपक वर्मा, प्यारे मोहम्मद अंसारी, अख्तर अंसारी, उपेंद्र चौबे, दिलीप चौबे उपस्थित थे। वहीं आवासीय निर्माण के संवेदक द्वारा पूछे जाने पर बताया कि अस्पताल कर्मियों के जीर्णोद्धार आवासीय क्वार्टर में किसी तरह की कोई भी अनियमितता बरती नहीं जा रही है। अगर आवासीय क्वार्टर में अनियमितता बरती जा रही है, तो इसकी संबंधित विभाग से जांच कराया जा सकता है।

# लकड़ी लदे ट्रक को कब्जे में लेने को पुलिस और वनकर्मियों के बीच नहीं दिखा सामंजस्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** लकड़ी लदे ट्रक को अपने कब्जे में लेने को लेकर भवनाथपुर थाना पुलिस और वनकर्मियों के बीच ठन गयी, इसे लेकर दोनों विभाग में नहीं दिखा सामंजस्य। लगभग 15 घंटे के बाद मंगलवार की सुबह में ट्रक को छोड़ दिया गया,जो चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि सोमवार की देर शाम में भवनाथपुर थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान ब्लॉक गेट के सामने लकड़ी लदे ट्रक संख्या CG 15 DL 1471 को पकड़ा। ट्रक चालक गढ़वा निवासी सफिक अंसारी और उसके साथी के द्वारा बताया गया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा निवासी गोपाल दुबे के रैयती जमीन से हरसैन (बबुल) का लकड़ी लोड किये हैं, जिसकी अनुमति पंचायत मुखिया द्वारा भी दी गयी है। मौके पर मौजूद प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप उरांव द्वारा उक्त ट्रक को ट्रांसपोर्टिंग चालान नहीं होने पर, ट्रक को रोककर थाना ले जाने को बोला। इसी बीच वन विभाग के कर्मी भी वहां पहुंच गये, और उक्त ट्रक को जांच हेतु वन परिसर में लाने का प्रयास करने लगे, तभी भवनाथपुर पुलिस द्वारा इसका विरोध करते हुए कहा गया कि इसे भवनाथपुर पुलिस पकड़ी है। एक घंटे के बाद रात्रि 9 बजे के करीब पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त ट्रक को छोड़ दिया गया।

इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप उरांव ने बताया कि जांच के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया। वहीं प्रभारी रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि ट्रक पर बबुल का लकड़ी लोड था, जिसे वन परिसर में ले जाकर बारीकी से लकड़ी की जांच की गयी, कि इसमें कोई दूसरा बेशकीमती लकड़ी तो लोड नहीं है। उसके बाद छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि ट्रक की जांच हमारा विभाग करता है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के एनएसएस इकाई के तत्वाधान में एनसीटीइ के निर्देशानुसार परिसर से फराठिया ग्राम तक 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता द्वारा 'बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है 'के विषय में प्रशिक्षुओं को विस्तार से बताया गया, तत्पश्चात अभियान को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया जिसमें नारा था- 'घर -घर से आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ', पहले पढाई फिर विदाई आदि नारा का उदघोष करते हुए प्रशिक्षु फरठिया ग्राम तक गये तथा 'बाल विवाह मुक्त भारत ' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं में संदीप, शाहिद, प्रियंका, रौनक, श्वेता, अर्चना, मधु आदि प्रतिभागी बने। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, शशिकांत आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मालवीय और बाजपेयी जयंती समारोह संपन्न



श्री वंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में महामना मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जयंती का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता और आचार्या प्रियंवदा द्वारा भारत माता, ॐ, मां शारदे, पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेयी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि ये दोनों महान विभूतियां हम लोगों के लिए गौरव और प्रेरणा श्रोत रहेंगे। आचार्या प्रियंवदा ने कहा कि मदन मोहन मालवीय जी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक थे, उन्होंने लोगों से दान मांगकर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की। मालवीय जी से संबंधित विभिन्न घटनाओं एवं प्रेरणास्पद बोध कथाओं का वर्णन किया। आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जीवन गाथा का ओजस्वी पूर्ण वर्णन किया।















## गैरमजुरुवा भूमि पर अवैध पेड़ कटाई: वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

छतरपुर (आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड अंतर्गत मौजा सुंगरी में गुप्त सूचना के आधार पर सरकारी गैरमजुरुवा जमीन पर पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान अवैध लकड़ी लदे वाहन संख्या UP21CN 3645 को जब्त किया गया। विधिवत जप्ती सूची तैयार कर वाहन को संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया। घटना स्थल की भूमि सत्यापन के लिए अंचल अमीन और राजस्व उप निरीक्षक से जांच करायी गयी। उनकी जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मौजा सुंगरी, खाता संख्या 26, प्लॉट संख्या 1046 की भूमि गैरमजुरुवा खाते की भूमि है। सरकारी जमीन पर पेड़ों की कटाई से सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंची है। इस घटना को राजस्व चोरी मानते हुए ग्राम सुंगरी निवासी श्री मिथलेश यादव और जब्त वाहन UP21CN3645 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी, छतरपुर को आवेदन भेजा गया। आवेदन की प्राप्ति सुनिश्चित कर ली गयी है।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में तृतीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान' हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# आज बढ़ते साइबर अपराध से सबको सतर्क रहने की आवश्यकता है : दिव्यांशु

**विद्यार्थी प्रभावशाली अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहें : डॉ एसबीपी मेहता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रातः तृतीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान' जिसका थीम 'कलर्स ऑफ इंडिया' हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता और अन्य अतिथियों के स्वागत से किया गया।

प्राचार्य डॉ एके सिंह ने बताया कि हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद हमारे विद्यालय ने रचनात्मकता प्रतिबद्धता दिखाई है। मैं निदेशक महोदय, छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं। हमारे छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन किया है। जिसमें वाणिज्य, मानविकी तथा विज्ञान विषय में आकांक्षा गुप्ता, सानिया फातिमा एवं कुमारी आकांक्षा ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। सीयूइटी परीक्षा में असाधारण अंकों के साथ बीआईटी मेसरा, नॉर्थ कैंपस दिल्ली तथा दौलतराम कॉलेज मिरांडा में प्रतिष्ठा दिलायी। इसके बाद विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें ऊंचे शिखर पर पहुंचने की प्रेरणा दी। क्रिसमस एवं नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी प्रभावशाली अध्ययन व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहें। छात्राओं को सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

मुख्य अतिथि दिव्यांश शुक्ला ने मंच से तृतीय वार्षिकोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दी। पश्चात अभिभावकों और छात्रों को संबोधित कर कहा कि साइबर अपराध से सबको सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर हैकिंग, कम्प्यूटर वर्क्स, वायरस वितरण, पहचान चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी एवं फिशिंग घोटाले आते हैं। बढ़ते साइबर अपराध हेतु सजगता ही एकमात्र बचाव के रास्ते हैं। सजग रहना, पछतावा से कहीं आसान काम है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# नर्तकी पूजा हत्याकांड का पलामू पुलिस ने किया उद्भेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने 22 दिसंबर को हुए पूजा हत्या कांड का उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हुसैनाबाद थाना अंतर्गत हरिहर चौक स्थित जय बजरंग मिष्ठान के समीप हरिहर चौक जपला निवासी पूजा कुमारी उर्फ सावित्री की हत्या प्रेमी संदीप सिंह अपने दोस्त रवि और अन्य के साथ मिलकर गोली मार देने, जिससे सावित्री उर्फ पूजा कुमारी की मृत्यु हो गयी। उक्त कांड के त्वरित उद्भेदन और घटना में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतू हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा तथा गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी से कांड कारित करने वाले मुख्य शूटर पप्पू शर्मा, पिता-मुरारी शर्मा, सा० टेंगरा, थाना-बारूण, जिला-औरंगाबाद, बिहार, रवि विश्वकर्मा पिता मुन्ना विश्वकर्मा, सा. करमा चराई, थाना छतरपुर जिला पलामू तथा कांड को कारित करवाने वाले मुख्य आरोपी मृतक सावित्री उर्फ पूजा कुमारी के प्रेमी संदीप सिंह, पिता रमेश सिंह, सा. करमा चराई, थाना छतरपुर जिला पलामू और संदीप सिंह को मुख्य शूटर से मिलाने और डील कराने वाले शुभम सिंह पिता मिथलेश सिंह सा. हबसपुर, थाना बारूण जिला औरंगाबाद, को गिरफ्तार किया गया तथा पकडाये अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल लाल रंग का जेएच 03 एएल 8208, टाटा पंच कार ग्रे रंग का JH03AL 4454, कांड में प्रयुक्त किये गये एक देशी कट्टा तथा खोखा, घटना कारित किये जाने के उपरांत अभियुक्त संदीप सिंह के द्वारा घटना कारित करने हेतू दिये गये कुल 10 हजार रुपये और अभियुक्तों के पास से कुल एक आईफोन, दो एंड्रायड मोबाइल फोन और एक कीपैड मोबाइल फोन और अन्य कागजात बरामद किया गया है।

## पूर्व मंत्री बंधू तिर्की से मिले विश्रामपुर विधायक, राजनीतिक हालात पर चर्चा



विश्रामपुर (आजाद सिपाही। झारखंड के पूर्व मंत्री सह वरीय कांग्रेसी नेता बंधु तिर्की से सोमवार को विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने औपचारिक मुलाकात किया। दोनों नेताओं की यह मुलाकात मेदिनीनगर के परिसदन भवन में हुई। नरेश प्रसाद सिंह ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को गुलदस्ता भेंट कर पलामू में उनका स्वागत किया। दोनो नेताओं ने पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक सहित इंडिया महागठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के अध्यक्ष बने विधायक नरेश सिंह, कर्मियों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत तुलसी दास इंटर महाविद्यालय रेहला के नवगठित शासीनिकाय का अध्यक्ष बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह को बनाये जाने पर कॉलेज कर्मियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियोंने शासीनिकाय के नव निर्वाचित अध्यक्ष से आशा एवं विश्वास जता ते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय उत्तरोत्तर विकास एवं प्रगति की ओर अग्रसर होगा। इसके अलावा हम सभी की समस्याओं का निराकरण भी शीघ्र होगा तथा अब किसी भी मानसिक प्रताड़ना का शिकार महाविद्यालय कर्मी नहीं होंगे। तथा महाविद्यालय में शैक्षणिकमाहौल का संचालन बेहतर ढंग से होगा। बधाई देने वालों में व्याख्याता इबरार खलीफा, राजीव कुमार चौबे, सुशील कुमार यादव, संतोष कुमार ठाकुर, रेनू कुमारी, रूपा कुमारी, लिपिक प्रभाकर सिंह, अमित चौबे, सुजीत चौबे, पंकज, प्रयोगशाला सहायक अनिल, अनिमेष और अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## एकडरी मध्य विद्यालय में पोशाक का वितरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में मंगलवार को पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने छात्र- छात्राओं के बीच निःशुल्क पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एकरूपता आती है। पोशाक अमीरी गरीबी में समानता लाती है। एक तरह के पोशाक से बच्चों में एक दूसरे बच्चों के प्रति समानता की भावना जागृत होती है। गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर से ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी, संयोजिका ललिता देवी, प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, शिक्षक उपेंद्र, अशलम, श्रीराम सिंह, बाल संसद के अध्यक्ष अनुज कुमार यादव समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## तहल्ले नदी की छाती पर धधक रहे ईट भट्ठे नदी के आस्तित्व पर संकट : प्रमुख गायत्री



चैनपुर(पलामू)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ीवीर पंचायत के टोला ईटकों में चल रहे ईट भट्ठा का प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि संचालक अजय चौधरी द्वारा ईट भट्ठा के बगल से गुजरे तहल्ले नदी का क्षेत्र फल के अनुसार नदी का दोहन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि संचालित ईट भट्ठा का मोजा ईटकों खाता सं-29, प्लॉट सं-1 का रकबा 1 एकड़ बीस डिसमिल हैं, लेकिन अजय चौधरी द्वारा नदी का भरावट कर ईट भट्ठा का क्षेत्रफल अवैध तरीके से बढ़ाया गया हैं। कहा कि ईंट भट्ठा संचालक द्वारा अवैध कनेक्शन लेकर मोटर पंप से पानी भी खींचा जा रहा है। संचालक द्वारा मोटर पंप चलाने के लिए विधिवत विद्युत कनेक्शन भी नहीं लिया गया है। इधर इस संदर्भ में ईट भट्ठा संचालककर्ता अजय चौधरी ने कहा कि ईट भट्ठा का संचालन दो एकड़ में किया जा रहा हैं और उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा किसी प्रकार का नदी का दोहन नहीं किया जा रहा हैं।

## क्रिसमस शांति, सद्भाव और करुणा का प्रतीक है : मनुज शर्मा

**आरपीएस पब्लिक स्कूल में क्रिसमस समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में क्रिसमस समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस समारोह मैं येसु मसीह के जन्म को दिखाया गया, कि किस प्रकार येसु मसीह का जन्म बेथलहम के गोशाला घर में हुआ। कार्यक्रम को आकर्षक और मनमोहक बनाने के लिए बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया तथा सबका दिल जीत लिया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थी शामिल थे। सांता क्लॉज की भूमिका निभाकर छात्र शशि रंजन ने क्रिसमस की खुशी सबको उपहार की भेंट देकर दिया। सांता क्लॉज द्वारा उपहार मिलते ही बच्चों के बीच क्रिसमस की खुशी झलक उठी। शिक्षिका अंकिता खलखो ने क्रिसमस गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मिठाई व उपहार देकर बच्चों ने एक दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य मनुज शर्मा थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक दीपक, रंजना, अनुप्रिया, प्रिया, श्रेया का विशेष योगदान रहा है। मुख्य अतिथि मनुज शर्मा ने अपने वक्तव्य में संदेश दिया कि शांति बिना अस्तित्व नहीं अर्थात येसु मसीह शांति और प्रेम का संदेश लाता है। इससे हमें आपस में एकता और मदद करने की सीख मिलती है। अंत में प्राचार्य जी ने येसु के जन्म पर क्रिसमस की ढेर सारी बधाइयां और नया साल की शुभकामनाएं देकर अपनी वाणी को विराम दिया।

## कुआं में गिरी दो नील गाय, वन विभाग के कर्मियों ने किया रेस्क्यू

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर थाना अंतर्गत भंडार गांव के एक कुआं में मंगलवार को दो नीलगाय गिर गये। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद मोहम्मदगंज वन प्रक्षेत्र के वनपाल संदीप कुमार वन कर्मियों के साथ भंडार गांव पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम में वनरक्षी मिथलेश कुमार, मुन्ना चौधरी व जितेंद्र सोनी भी शामिल थे।

## समुचित मात्रा में खाद का प्रयोग करें : बीटीएम



छतरपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बगईया पंचायत के बगईया गांव में किसान दिवस के अवसर पर महिला किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड और बोशन बीटीएम संजय कुमार के द्वारा वितरित किया गया। उक्त मौके पर बीटीएम ने उपस्थित किसानों को कार्ड में वर्णित खाद की मात्रा के अनुरूप खेतों में प्रयोग करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में किसान मित्र, संजय कुमार यादव, फूलमति देवी, ललिता देवी इत्यादि महिला कृषक उपस्थित थे।

























# अमित शाह के खिलाफ बसपा ने रणधीर वर्मा चौक पर दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बहुजन समाज पार्टी धनबाद जिला ईकाई के तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भारतीय संविधान निमार्ता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति संसद में अमर्यादित एवं उपहास पूर्ण व्यक्तव्य देने के विरोध में बसपा के सुप्रिमो राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के आदेशानुसार मंगलवार 24 दिसंबर को रणधीर वर्मा चौक समेत पूरे देश में राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय जिला में धरना प्रदर्शन किया और उपायुक्त के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रणधीर वर्मा चौक धनबाद में धरना की अध्यक्षता बसपा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन जिला प्रभारी सुनिल रविदास ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जोन प्रभारी सुबल दास एवं पूर्व प्रदेश सह सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे।

मुख्य अतिथी सुबल दास ने कहा कि बहुत दुख की बात है केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर के प्रति संसद में अभद्र अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपमान किया गया जो बसपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। अमित शाह तुरंत माफी मांगे अन्यथा अपने पद से इस्तीफा दे वर्ना बसपा देशव्यापी जनआंदोलन करने के लिए विवश होगी और विधी व्यवस्था बाधित होती है तो केंद्र सरकार व जिला प्रशासन की जिम्मेवारी होगी। इस कार्यक्रम में धनबाद के जिलाअध्यक्ष अभय कुमार, जिला प्रभारी सुनिल रविदास, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, मनोज दास, बाबुलाल मुर्मू गौतम कुमार, महेन्द्र राम, दारूलाल दास, अजय रजवार, बलराम बाऊरी श्रीकान्त दास, संतोष दास उदय कु. दास, विनोद पासवान, सहातम राम, ऋषि कुमार, अनवरी खातुन, मोहन यादव हिरालाल राम के आलावा अन्य महिलाए व पुरुष मौजूद थे।

## धनबाद सांसद पर लगे आरोप निराधार : बेंगु ठाकुर




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बंगला भाषा उन्नयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत मुखर्जी उर्फ बेगू ठाकुर ने मंगलवार को धनबाद प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने माले विधायक अरूप चटर्जी के समर्थक सम्राट चौधरी द्वारा सोमवार को प्रेस वार्ता में इस्तेमाल किये गये बैनर पर आपत्ति जतायी और सम्राट चौधरी पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी बंगला भाषा उन्नयन समिति के बैनर का गलत उपयोग कर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को बदनाम करने की साजिश रच रहा है। सम्राट चौधरी द्वारा किया गया प्रेस वार्ता पूरी तरह राजनीति षड्यंत्र है ना कि बंगला भाषा का अपमान। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर को निरसा गोपीनाथपुर में मजदूरों के द्वारा दिये जा रहे धरना में सांसद ढुल्लू महतो ने विधायक अरूप चटर्जी के खिलाफ बयान दिये थे। सांसद ने कहा था हम किसी का गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे और निरसा को बांग्ला देश नहीं बनने देंगे। सम्राट चौधरी ने सांसद के इस बयान को तोड़ मरोड़ कर बांग्ला भाषा को गलत संदेश देना चाहते हैं।

## बीसीसीएल कर्मी के घर से चार लाख के जेवर समेत नगदी की चोरी

**रामकनाली / कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली ओपी क्षेत्र में फिर एक बार चोरों का आतंक दिखा। चेक पोस्ट स्थित बीसीसीएल कर्मी राम ब्याश चौहान के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए बीती रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने अलमीरा में रखे लगभग चार लाख के गहने नगदी सहित घर मे लगे इन्वर्टर को भी ले भागे। वही घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह हुई जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला हुआ देखा तुरंत गृहस्वामी और स्थानीय थाना को घटना की जानकारी दी गयी। तुरंत ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सभी बिंदुओं पर जांचपड़ताल करने में जुट गये। दरअसल राम ब्याश चौहान वेस्टमुडीडीह कोलयरी के बीसीसीएल कर्मी है दो दिन पूर्व वे घर मे ताला बंद कर अपने पैतृक गांव बिहार गये हुए थे।

## खराब नलकूप को कांडरा मुखिया ने ठीक करवाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** कांडरा उपर टोला स्थित काली मंदिर के प्रांगण में बंद पड़े नलकूप की मरम्मत ग्राम पंचायत कांडरा की मुखिया रिंकु देवी ने अपने निजी फंड से करवायी। यह नलकूप मंदिर परिसर में एकमात्र जल स्रोत था, जो श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के दौरान पानी की सुविधा प्रदान करता था। पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण यह नलकूप लंबे समय से खराब पड़ा था, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा करने में असुविधा हो रही थी। मंदिर समिति के सदस्यों ने इस समस्या के समाधान के लिए मुखिया रिंकु देवी और विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो से कहा। तत्पश्चात, रिंकु देवी ने अपने निजी फंड से नलकूप की मरम्मत करवाने का निर्णय लिया, जिससे अब मंदिर में श्रद्धालुओं को फिर से जल की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल से स्थानीय लोगों में खुशी और राहत की लहर है, और मन्दिर समिति ने मुखिया रिंकु देवी के इस कदम की सराहना की है। मुखिया रिंकु देवी ने काण्डरा पंचायत के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे जनहितकारी सेवाओं के रख-रखाव और संचालन में सक्रिय रूप से सहयोग करें। अगर कोई समस्या उत्पन्न हो, तो शीघ्र सूचित करें ताकि त्वरित समाधान किया जा सके।

# जिला कांग्रेस ने निकाली अंबेडकर सम्मान यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अंबेडकर चौक डीआरएम ऑफिस से उपायुक्त समाहरणालय तक जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान यात्रा निकाला गया। जिसमे बाबासाहेब अंबेडकर जी का चित्र लिए कांग्रेस कार्यकता गर्म जोशी से नारा लगा रहे थें संविधान की रक्षा कौन-कौन करेगा कांग्रेस कार्यकर्ता बोल रहे थें हम करेगें हमकरेगें। गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दो। अंबेडकर सम्मान यात्रा कार्यक्रम समाप्ती के बाद महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त की अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

**उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह योगी ने कहा**

जब हम रामायण के रचयिता बाल्मिकी जी को भगवान बाल्मिकी मानते हैं तो संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को भगवान मानने में अमित शाह जी को क्या आपत्ति है। भाजपा के लोगों ने हर हर मोदी घर घर मोदी के नारे लगाकर भगवान का अपमान किया तो अमित शाह ने कोई आपत्ति नहीं उठायी। अंबेडकर सम्मान यात्रा में धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अपर समाहर्ता ने आधार निगरानी समिति के साथ की बैठक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने आधार निगरानी समिति का बैठक किया। जिसमें सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुएं। बैठक में विभिन्न राजेंडा पर चर्चा करते हुए सभी आयु वर्ग के शतप्रतिशत आधार सैचुरेशन, डाक्युमेंट अपलोड का कार्य, 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए नया आधार पंजीकरण के उपरांत स्टेट पोर्टल के माध्यम से भौतिक सत्यापन कर प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता ने सभी आधार केंद्रों का सत्यापन एवं पर्यवेक्षण का निर्देश दिया।

## टैंकर ने टेंपो को मारी टक्कर, ऑटो ड्राइवर घायल

**पिछरी/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग प्योर ढोरी मोड़ पिछरी के पास मंगलवार की संध्या एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें एक टैंकर गाड़ी संख्या जेएच 01 इपी 0830 ने एक टेंपो गाड़ी संख्या जेएच 10बीक्यू 3264 को टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में टेम्पो बीच सडक पर पलट गई। इससे ऑटो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। ऑटो चालक चास निवासी बताया जा रहा है। ग्रामीणों के मदद से घायल चालक को अनुमंडल अस्पताल फुसरो पहुंचाया गया। जहां उन्हें प्रथामिक उपचार किया गया और घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर किया गया है। घटना के बाद टेंकर चालक भागने में सफल रहा।

# रेप पीड़िता को न्याय दिलाने डालसा की टीम पहुंची अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश और सचिव डालसा राकेश रौशन के आदेश पर डालसा की टीम पहुंची एसएनएमएमसीएच हॉस्पिटल। डॉ. गिनदोरिया और डॉक्टर राजलक्ष्मी एचओडी स्त्री रोग विभागाध्यक्ष से बात कर पीड़िता एवं उनके परिजनों से मिलकर समुचित इलाज सुनिश्चित करवाया गया। साथ ही सरायढेला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आरोपी को जल्द से जल्द पड़कर न्यायालय के समक्ष हाजिर किया जाये। सचिव डालसा ने बताया कि पीड़िता को जल्द ही अंतरिम मुआवजा राशि दिलाया जायेगा ताकि पीड़िता का भविष्य सुगम हो सके। इसी दौरान एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी विभाग के बाहर लावारिस अवस्था में पाए मोहम्मद आशिक जो कि डॉक्टर जाकिर हुसैन रोड हजारीबाग का रहने वाले है पूछने से पता चला कि उनकी यह स्थिति देखकर उनके परिजन यहां पर छोड़ कर चले गये। जिनके दोनों पैर पूरी तरह से जख्मी एवं कीड़े पड़े हुए हैं। उनको भी डालसा के टीम द्वार द्वारा एडमिट कराकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करवाया गया। गठित टीम एलएडीसीएस सहायक सुमन पाठक, राजेश कुमार सिंह, अनामिका सिंह, श्याम झा, वीरेंद्र कुमार, नवीन कुमार, हेमराज चौहान, ज्योति कुमारी की उपस्थिति में राहत पहुंचाने का कार्य किया गया।

# सेल संचार उत्कृष्टता के लिए आठ राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआइ) द्वारा आठ राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कंपनी को ये पीआरएसआइ राष्ट्रीय पुरस्कार, पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआइ) द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 20 से 22 दिसंबर, 2024 के दौरान आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में प्रदान किया गया। सेल को विभिन्न श्रेणियों में कुल 8 पुरस्कार मिले हैं, जो कंपनी के संचार प्रयासों की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।

सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने कंपनी को मिले पीआरएसआइ राष्ट्रीय पुरस्कारों की सराहना करते हुए कहा कि ये पुरस्कार सेल की छवि और पहुंच को बढ़ाने में हमारी संचार पहल के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हैं। सेल ने हमेशा प्रभावी संचार पर जोर दिया है, जो कंपनी की छवि को बढ़ावा देने और बेहतर स्टेकहोल्डर रिलेशन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सम्मान संचार में उत्कृष्टता के लिए सेल के समर्पण का प्रमाण है। सेल के सभी कार्मिकों ने सेल की इस उपलब्धि की सराहना की है।


## समाहरणालय हजारीबाग
## (समाज कल्याण शाखा)

### -आमसभा की सूचना-

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या– 2527 दिनांक– 09.10.2024 द्वारा केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आँगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत् संचालित लघु आँगनबाड़ी केन्द्रों का सामान्य आँगनबाड़ी केन्द्रों उत्क्रमण एवं संचालन की स्वीकृति दी गई है। उक्त के आलोक में जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में 76 आँगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के नव स्वीकृत पदों तथा पूर्व से रिक्त सेविका/सहायिका के पदों पर विभागीय अधिसूचना संख्या– 2239 दिनांक– 30.09.2022 के आलोक में सम्बन्धित बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की अध्यक्षता में आमसभा के माध्यम से चयन हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जा रही है–

| क्रम | परियोजना का नाम | आँ0 केन्द्र का नाम | रिक्त पद (सेविका/सहायिका) | आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्धारित पोषक क्षेत्र (सम्मिलित ग्राम, टोला का नाम सहित) | आँगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र का बाहुल्य वर्ग | रिक्त पद पर चयन हेतु: आमसभा की प्रस्तावित तिथि | आमसभा की प्रस्तावित समय | आमसभा हेतु प्रस्तावित स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | हजारीबाग सदर (शहरी) | लोहसिंघना–02 | सहायिका | — | सामान्य वर्ग | 03.01.2025 | 12:30 PM | आँ0 केन्द्र |
| 2 | | खानशामा गली | सहायिका | — | पिछड़ा वर्ग | 07.01.2025 | 12:30 PM | आँ0 केन्द्र |
| 3 | | फैजान नगर | सहायिका | — | पिछड़ा वर्ग | 09.01.2025 | 12:30 PM | आँ0 केन्द्र |
| 4 | | दीपगुढ़ा | सहायिका | — | अनुसूचित जनजाति | 10.01.2025 | 12:30 PM | आँ0 केन्द्र |
| 5 | | ओकनी राजा बंगला | सहायिका | — | — | 10.01.2025 | 2:30 PM | आँ0 केन्द्र |
| 6 | केरेडारी | लाजीदाग | सहायिका | लाजीदाग | अनुसूचित जनजाति | 21.01.2024 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 7 | | मसूरिया | सहायिका | मसूरिया | अनुसूचित जाति | 21.01.2024 | 01:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 8 | | पडरा | सहायिका | पडरा | अनुसूचित जनजाति | 24.01.2024 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 9 | | फुसरी | सहायिका | फुसरी | अनुसूचित जनजाति | 24.01.2024 | 01:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 10 | | सिझुआ | सहायिका | सिझुआ | अनुसूचित जाति | 27.01.2024 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 11 | | बेंगवरी–1 | सहायिका | तेलिया बेंगवरी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 27.01.2024 | 01:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 12 | | मनातू | सेविका | मनातू | अनुसूचित जनजाति | 29.01.2025 | 10:30 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र भवन |
| 13 | | कोदवे | सेविका | कोदवे | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 31.01.2025 | 10:30 AM | पंचायत भवन, अमनारी |
| 14 | | बालेदेवरी | सेविका | बालेदेवरी | सामान्य वर्ग | 31.01.2025 | 01:00 PM | आँगनबाड़ी केन्द्र भवन |
| 15 | हजारीबाग ग्रामीण | पारतुम्बा | सहायिका | पारतुम्बा | अनुसूचित जनजाति | 03.01.2025 | 11:30 AM | नव प्रा0वि0 पारतुम्बा |
| 16 | | कोय | सहायिका | कोय | अनुसूचित जाति | 04.01.2025 | 11:30 AM | नव प्रा0वि0 कोय |
| 17 | | बहोरनपुर | सहायिका | बहोरनपुर | अनुसूचित जनजाति | 06.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र के समीप मंदिर परिसर में |
| 18 | | बेलामुण्डवार | सहायिका | बेलामुण्डवार | पिछड़ा वर्ग | 08.01.2025 | 11:30 AM | सामु0 भवन, बेलामुण्डवार |
| 19 | | अलगडीहा | सहायिका | अलगडीहा | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 10.01.2025 | 11:30 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र |
| 20 | चौपारण | कोयलीखुर्द | सहायिका | कोयलीखुर्द, नोडिहा | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 16.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 21 | | चक | सहायिका | चक, परमी | पिछड़ा वर्ग | 20.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 22 | | कुतलू | सहायिका | कुतलू | सामान्य वर्ग | 21.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 23 | | पत्थलगड़ा | सेविका | पत्थलगड़ा | अनुसूचित जाति | 22.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 24 | | रामजीता | सहायिका | साव टोला, पाण्डेय टोला, भुईया टोला, बंदौत टोला रामजीता | सामान्य वर्ग | 27.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 25 | कटकमसांडी | हरहद | सहायिका | हरहद | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 24.12.2024 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 26 | | पासवानटोला डॉड | सहायिका | पासवानटोला डॉड | अनुसूचित जाति | 28.12.2024 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 27 | | बिरहोर टंडा सलगा | सहायिका | बिरहोर टंडा सलगा | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 09.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 28 | बरही | धोबिया पहरी | सहायिका | धोबिया पहरी | पिछड़ा वर्ग | 26.12.2024 | 9:30 AM | आँ0 केन्द्र |
| 29 | | तेतरीया भण्डारो | सहायिका | महतो टोला, मोदी टोला, मियां टोला | पिछड़ा वर्ग | 26.12.2024 | 11:30 AM | उ0प्र0वि0 तेतरीया भण्डारो |
| 30 | | पुरहरा | सहायिका | पुरहरा | पिछड़ा वर्ग | 26.12.2024 | 2:30 PM | उ0प्र0वि0 विद्यालय पुरहरा |
| 31 | | धनवारटॉड | सहायिका | धनवार टांड, गुलजार मुहल्ला, मस्जिद मुहल्ला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 27.12.2024 | 11:00 AM | उर्दु उ0 म0 वि0 धनवार |
| 32 | | बिरहोर टोला | सहायिका | — | — | 28.12.2024 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 33 | | कदवा | सहायिका | कदवा, पाँच माईल | पिछड़ा वर्ग | 28.12.2024 | 1:00 PM | रा0म0वि0 कदवा |
| 34 | | तुरीटोला | सहायिका | तुरी टोला, आदिवासी टोला | अनुसूचित जाति | 03.01.2025 | 11:00 AM | पंचायत भवन |
| 35 | | रामुबेडा | सहायिका | रामुबेडा | अनुसूचित जनजाति | 03.01.2025 | 1:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 36 | | प्लान्टपर | सहायिका | बेलटांड, प्लांट पर | अनुसूचित जाति | 07.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 37 | | पैनियापर | सहायिका | पैनियापर, भण्डारो | अनुसूचित जाति | 07.01.2025 | 1:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 38 | बड़कागाँव | कुन्दरू | सहायिका | कुन्दरू | अनुसूचित जनजाति | 03.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 39 | | फटेरियापानी | सहायिका | फटेरियापानी | अनुसूचित जनजाति | 07.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 40 | | अम्बाटोला | सहायिका | आँगो अम्बाटोला | अनुसूचित जनजाति | 07.01.2025 | 1:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 41 | | जोजोटोला | सहायिका | जोजोटोला | अनुसूचित जनजाति | 08.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र |
| 42 | | गरसुल्ला बिहड | सहायिका | गरसुल्ला बिहड | अनुसूचित जनजाति | 08.01.2025 | 1:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 43 | बड़कागाँव | बसकटवा | सहायिका | बसकटवा | अनुसूचित जनजाति | 10.01.2025 | 11:00 AM | नव प्रा0वि0 बसकटवा |
| 44 | | कौशी | सहायिका | कौशी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 10.01.2025 | 1:00 PM | आँ0 केन्द्र |
| 45 | | बरबनिया–2 | सहायिका | बरबनिया–2 | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 17.01.2025 | 11:00 AM | उ0म0वि0 बरबनिया |
| 46 | | हाहे | सहायिका | हाहे | — | 17.01.2025 | 1:00 PM | नव प्रा0वि0 हाहे |
| 47 | ईचाक | टेपसा | सहायिका | टेपसा | अनुसूचित जाति | 03.01.2025 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 48 | | सिझुआ | सहायिका | सिझुआ | अनुसूचित जनजाति | 04.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 49 | | पुरनपनिया | सहायिका | पुरनपनिया | अनुसूचित जनजाति | 05.01.2025 | 10:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 50 | | तिलैया | सहायिका | तिलैया | अनुसूचित जनजाति | 05.01.2025 | 2:00 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 51 | | असिया हरिजन टोला | सेविका | असिया | — | 08.01.2025 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 52 | | तुरी | सहायिका | तुरी | अनुसूचित जाति | 10.01.2025 | 10:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 53 | | सालुजाम गंगादाब | सहायिका | सालुजाम गंगादाब | अनुसूचित जनजाति | 16.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 54 | विष्णुगढ़ | बिसाई | सहायिका | बिसाई | अनुसूचित जनजाति | 09.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 55 | | पिपराटांड़ | सहायिका | पिपराटांड़ | अनुसूचित जनजाति | 11.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 56 | | बेलियाटांड़ | सहायिका | बेलियाटांड़ | पिछड़ा वर्ग | 13.01.2025 | 11:00 AM | उ0प्रा0वि0 बेलियाटांड |
| 57 | | बेहराटांड़ | सहायिका | बेहराटांड़ | अनुसूचित जनजाति | 15.01.2024 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 58 | | गोबर बसुआ | सहायिका | गोबर बसुआ | अनुसूचित जनजाति | 16.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 59 | | सियारी | सहायिका | सियारी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 18.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 60 | | अरजरी | सहायिका | अरजरी | अनुसूचित जाति | 20.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 61 | | खिजूरबेड़ा | सहायिका | खिजूरबेड़ा | अनुसूचित जनजाति | 22.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 62 | | रंगामाटी | सहायिका | रंगामाटी | अनुसूचित जाति | 25.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 63 | | जमुआ | सहायिका | जमुआ | अनुसूचित जनजाति | 27.01.2025 | 11:00 AM | उ0प्रा0वि0 जमुआ |
| 64 | | काल्हाबार | सहायिका | काल्हाबार | अनुसूचित जनजाति | 29.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 65 | | पनीमाको | सहायिका | पनीमाको | अनुसूचित जनजाति | 30.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 66 | | हरदिया | सहायिका | हरदिया | अनुसूचित जनजाति | 30.01.2025 | 2:00 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 67 | चुरचू | ओरिया–2 | सहायिका | ओरिया, चरकुटवा टोला, तुरी टोला, गजाओड़ा टोला | अनुसूचित जनजाति | 04.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 68 | | बेलाटोला | सहायिका | आँगो, बेलाटोला | अनुसूचित जनजाति | 04.01.2025 | 2:00 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 69 | | चानोखुर्द | सहायिका | चानोखुर्द, भुईया टोला | अनुसूचित जनजाति | 06.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 70 | | इन्द्रा–5 | सहायिका | इन्द्रा मस्जिद मुहल्ला, हरिजन मुहल्ला, बीच मुहल्ला, बाजारटांड मुहल्ला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 08.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 71 | | काठाडाडी | सहायिका | काठाडाडी | अनुसूचित जनजाति | 09.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 72 | | लोथरवा | सहायिका | लोथरवा, दासो खाप | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 10.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 73 | बरकट्ठा | सकरेज हरिजन टोला | सहायिका | सकरेज हरिजनटोला | अनुसूचित जाति | 13.01.2025 | 11:00 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 74 | | चटनियासिंगा | सहायिका | चटनियासिंगा | अनुसूचित जनजाति | 13.01.2025 | 2:00 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 75 | | पंदनापार टॉड | सहायिका | पंदनापार टॉड | अनुसूचित जनजाति | 18.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 76 | | धोबीटोला चलकुशा | सहायिका | धोबीटोला चलकुशा | पिछड़ा वर्ग | 18.01.2025 | 2:00 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 77 | | केन्दुआटॉड | सहायिका | केन्दुआटॉड | अनुसूचित जनजाति | 20.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 78 | | खैरा | सहायिका | खैरा | पिछड़ा वर्ग | 22.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 79 | पदमा | मंगरमुह | सहायिका | मंगरमुह | अनुसूचित जाति | 17.01.2025 | 12:15 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 80 | | बन्दरबेला हरि. टोला | सहायिका | बन्दरबेला हरि. टोला | अनुसूचित जाति | 20.01.2025 | 12:15 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 81 | | पहाडपुर | सहायिका | पहाडपुर | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 22.01.2025 | 12:15 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 82 | | कोनिया | सहायिका | कोनिया | पिछड़ा वर्ग | 27.01.2025 | 12:15 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 83 | | नावाडीह सूजी | सहायिका | नावाडीह सूजी | पिछड़ा वर्ग | 29.01.2025 | 12:15 PM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 84 | डाड़ी | रेलीगढ़ा–3 | सहायिका | पछाड़ी | अनुसूचित जनजाति | 03.01.2025 | 11:30 AM | आँ0 केन्द्र भवन |
| 85 | | नापो | सहायिका | हुठुआबेड़ा नापो | अनुसूचित जाति | 07.01.2025 | 11:30 AM | सामुदायिक भवन |
| 86 | | होसिर–3 | सेविका | करमाली टोला, जोगारी टोला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 09.01.2025 | 11:30 AM | उ0उ0वि0, होसिर |
| 87 | | कनकी–6 | सेविका | बरवाटोला, साव टोला, भेलवाटुंगरी कनकी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 11.01.2025 | 11:30 AM | उ0म0वि0, कनकी |

उपरोक्त आँगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र में आने वाले योग्य उम्मीदवार आमसभा के दौरान उपस्थित होकर वांछित प्रमाण पत्रों यथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति–आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कॉर्ड, मतदाता पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि की स्व–अभिप्रमाणित प्रति (दो–दो प्रतियों में) सहित विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित कर सकती हैं। आवेदन का प्रपत्र आमसभा के दौरान ही इच्छुक अभ्यर्थी/उम्मीदवारों को उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त विशेष जानकारी हेतु सम्बन्धित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 342842 District(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# दिलीशा बेहेरा ने पहना किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया 2024 का ताज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट फिल्म एंड फैशन स्कूल द्वारा आयोजित किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया 2024 का फाइनल और मेगा राउंड सोमवार को संपन्न हुआ। ओड़िशा की दिलीशा बेहेरा को किट परिसर में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया। फाइनल राउंड में देशभर की 9 फाइनलिस्टों को हराकर दिलिशा ने नन्हीपरी ताज के साथ 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता।




मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता परवाल, फेमिना मिस इंडिया 2024 की पहली उपविजेता रेखा पांडे और फेमिना मिस इंडिया 2024 की दूसरी उपविजेता आयुषी ढोलकिया अंतिम दौर में निर्णायक थीं।

इस अवसर पर उपस्थित किट नन्हीपरी के मुख्य संरक्षक तथा किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत, एसआरएफटीआई के पूर्व निदेशक हिमांशु खटुआ, संस्थापक मलय महापात्र, नन्हीपरी कोर समिति के सदस्य डॉ श्रद्धांजलि नायक और सोमा महांति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

डॉ सामंत ने घोषणा की कि नन्हीपरी 2025 के लिए पुरस्कार राशि को बढ़ा कर क्रमशः 10 लाख, 7 लाख और 5 लाख रुपये किया जायेगा।

## अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कटक के बेल व्यू चौक में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रतिमा का अनावरण किया। कटक शहर में पहली बार वाजपेयी की प्रतिमा, जो 10 फीट ऊंची है और जिसका वजन लगभग 10 क्विंटल है। राज्य सरकार की मदद से प्रसिद्ध मूर्तिकार लक्ष्मीधर राणा और 18 कारीगरों की मदद से वाजपेयी की कांस्य प्रतिमा तैयार किया गया। मौके पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, सांसद भर्तृहरि महताब, सदर विधायक इं प्रकाश सेठी, महंगा विधायक सारदा प्रसाद प्रधान, बांकी विधायक देवी प्रसाद त्रिपाठी, सालेपुर विधायक प्रशांत बेहेरा और श्रीतम दास उपस्थित थे।

## इसीओआर महाप्रबंधक ने सम्मानित किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ईस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) मुख्यालय में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक परमेश्वर फंकवाल ने ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पांच अनुकरणीय रेलवे कर्मचारियों को मान्यता दी और सम्मानित किया। उनकी त्वरित कार्रवाई बड़ी घटनाओं को रोकने, ट्रेन सेवाओं की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में सहायक रही। सम्मान समारोह में इसीओआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक मोहेस कुमार बेहरा, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। साथ में उन्होंने इसीओआर के भीतर सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाये रखने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। सम्मानित होने वालों में चौ हरिता, तकनीशियन ग्रेड-।।, और के. अरुणा, तकनीशियन ग्रेड-। दोनों विजयनगरम के कैरिज और वैगन विभाग से; गिदिजला रमेश, राजमुंदरी में मालगाड़ी प्रबंधक; दुब्बा चरण कुमार, कुनेरू में पॉइंट्समैन-बी; और ज्ञानेंद्र कुमार महाकुड, ट्रैक मेंटेनर-द्वितीय, अंगुल शामिल थीं। समारोह के दौरान महाप्रबंधक परमेश्वर फंकवाल ने रेलवे कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की।

## खोरधा रोड मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाणपत्र जारी किया गया

**रेलवे स्टेशनों पर ऊर्जा के बेहतरव कुशल उपायों को अपनाने के लिए आइएसओ 50001:2018 प्रमाणन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को रेलवे स्टेशनों पर बेहतर ऊर्जा के बेहतर एवं कुशल उपायों को अपनाने के लिए ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। ये स्टेशन पुरी, भुवनेश्वर, खोरधा रोड, पलासा, बालूगांव, जाजपुर केंदुझर रोड, भद्रक, कटक, ब्रह्मपुर हैं। सभी नौ रेलवे स्टेशनों ने बिजली के उपयोग को कम करके, ऊर्जा संरक्षण करके तथा संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग करके अपने ऊर्जा प्रदर्शन में सुधार किया है।



आइएसओ 50001:2018 प्रमाणन ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों (एल्लटर) के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक है। यह संगठनों को उनके ऊर्जा प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता में सुधार करने तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इएए) के अनुसार कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद करता है।

इन स्टेशनों को यह प्रमाणन बेहतर ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों के लिए जारी किया गया है, जैसे सौर ऊर्जा कार्यान्वयन, उच्च ऊर्जा खपत वाली लाइटों और पंखों के स्थान पर एलईडी और स्टार रेटेड पंखे लगाना, ऑक्यूपेंसी सेंसर लागू करना, पानी की टंकियों में फ्लोटिंग वाल्व, स्टेशनों पर स्ट्रीट लाइटों के लिए टाइमर, डीजी सेटों का कुशल उपयोग आदि।

तृतीय पक्ष राष्ट्रीय एजेंसी एनवो ग्रीन मैनेजमेंट, कटक द्वारा सर्वेक्षण एवं लेखापरीक्षा के पश्चात खोरधा रोड मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली मानक प्रमाणपत्र जारी किया गया।

खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने मैकेनिकल विभाग के पर्यावरण हाउस कीपिंग प्रबंधन (इएनएचएम) की टीम को रेलवे स्टेशनों को ऊर्जा कुशल बनाने में उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

## इस्ट कोस्ट रेलवे ने महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों की घोषणा की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ईस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) को 2025 में होने वाले आगामी महाकुंभ मेले में यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

**विशेष ट्रेनें इन मार्गों पर चलेंगी:**

**केंदुझारगढ़-बोकारो और गया के रास्ते भुवनेश्वर-टुंडला-भुवनेश्वर विशेष ट्रेन :** यह ट्रेन बुधवार यानी 1, 8, 22 जनवरी और 5, 19, 26 फरवरी को 12.30 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी। टुंडला के रास्ते में यह ट्रेन तीर्थयात्रियों के लिए सीधी पहुंच प्रदान करते हुए, प्रयागराज स्टेशन से होकर गुजरेगी। **पुरी-टुंडला-पुरी स्पेशल ट्रेन बरास्ता भुवनेश्वर-भद्रक-गया :** यह ट्रेन सोमवार यानी 6 और 20 जनवरी और 17 फरवरी को 12.30 बजे पुरी से रवाना होगी। टुंडला के रास्ते में यह ट्रेन प्रयागराज स्टेशन से होकर गुजरेगी।

**टिटिलागढ़-टुंडला-टिटिलागढ़ विशेष ट्रेन :** संबलपुर-झारसुगुड़ा-डीडीयू के रास्ते यह ट्रेन गुरुवार यानी 9, 16, 23 जनवरी और 6, 20, 27 फरवरी को 12.30 बजे टिटिलागढ़ से रवाना होगी। टुंडला के रास्ते में यह ट्रेन तीर्थयात्रियों के लिए सीधी पहुंच प्रदान करते हुए, प्रयागराज स्टेशन से गुजरेगी।

**विशाखापत्तनम - पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) - विशाखापत्तनम स्पेशल ट्रेन :** रायगढ़ा-टिटिलागढ़-रायपुर-कटनी के रास्ते यह ट्रेन गुरुवार यानी 9, 16, 23 जनवरी और 6, 20, 27 फरवरी को 17:35 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी। यह सेवा प्रयागराज स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे मेला की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध होगा।

**विशाखापत्तनम-गोरखपुर-विशाखापत्तनम विशेष ट्रेन वाया भुवनेश्वर-अंगुल-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा :** यह ट्रेन रविवार को 22.20 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी, यानी 5 और 19 जनवरी और 16 फरवरी को। यह सेवा प्रयागराज स्टेशन से भी गुजरेगी, जिससे मेला जाने वाले यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध होगा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**